प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



पश्चिम एशिया संकट-आम आदमियों के हितों के लिए मोदी सरकार ने बनाया मास्टर प्लॉन पेज- 2

www.newswani.in

पीएम सूर्य घर योजना पेज-6 से जगमगाएंगे घर

वर्ष : 15 अंक : 94 गुरुवार 26 मार्च, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर मोदी पर लगाया यू टर्न लेने का आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर'नारी वंदन अधिनियम, 2023 के लागू होने के मामले में अचानक यू–टर्न लेने का आरोप लगाया और इसे जरूरी राष्ट्रीय मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया। रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सितंबर 2023 में जिस नये संसद भवन का उद्घाटन हुआ था, वहीं इस ऐतिहासिक कानून को पारित किया गया था। इस कानून के जरिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक–तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था। इस कानून में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों के भीतर भी एक–तिहाई आरक्षण का प्रावधान शामिल था। उन्होंने कहा कि इन आरक्षणों को लागू करने का काम स्पष्ट तौर पर परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था। श्री रमेश ने कहा, श्ये दोनों आरक्षण तभी लागू होने थे,





जब परिसीमन और जनगणना का काम पूरा हो जाता। कांग्रेस नेता ने बताया कि विधेयक पर संसदीय बहस के दौरान कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से ही इसे तुरंत लागू करने की जोरदार मांग की थी। उन्होंने कहा, श्तब मोदी सरकार ने यह तर्क दिया था कि परिसीमन और जनगणना का काम पहले पूरा किए बिना ऐसा करना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री पर अपना रुख बदलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, अब'यू–टर्न उस्ताद ने 30 महीने बाद अचानक अपना मन बदल लिया है और अब वह परिसीमन और जनगणना का काम पूरा किए बिना ही आरक्षण लागू करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कदम का समय राजनीतिक रूप से प्रेरित है। कांग्रेस नेता ने कहा, श्प्रधानमंत्री डब्ल्यूएमडी यानी'ध्यान भटकाने वाले बड़े हथियारश्इस्तेमाल करने में बेजोड़ हैं। अपनी विदेश नीति की असफलताओं और देश में एलपीजी और ऊर्जा संकट से लोगों का ध्यान हटाने के लिए बेताब होकर, उन्होंने यह नयी पहल की है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले पखवाड़े में संसद का दो दिन का विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है, ताकि इस कानून में संशोधन करके आरक्षण के प्रावधानों को लागू किया जा सके। उन्होंने कहा, इसका पूरा राजनीतिक फायदा उठाने की चाहत में, उन्होंने यह बात जाहिर कर दी है कि ऐसा सत्र बुलाया जाएगा। श्री रमेश ने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने मिलकर सरकार को एक पत्र लिखा है, जिसमें यह मांग की गई है कि 29 अप्रैल के बाद जब विधानसभा चुनावों का मौजूदा दौर खत्म हो जाएगा,एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। उन्होंने कहा, इस तरह के अहम संशोधनों के लिए विस्तृत चर्चा और आम सहमति की जरूरत होती है। उन्होंने उन रिपोटरं पर भी चिंता जताई, जिनमें कहा गया है कि सरकार लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का आकार 50 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। उन्होंने इस प्रस्ताव पर गहन विचार–विमर्श करने की मांग की है। प्रस्तावित संसदीय सत्र के समय को लेकर चिंता जताते हुए श्री रमेश ने चुनाव आयोग की'आचार संहिता के कमजोर पड़ने की बात कहकर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, आचार संहिता अब सिर्फ'मोदी की प्रचार संहिता बनकर रह गई है। अप्रैल में विशेष सत्र बुलाना एक एमसीसी का उल्लंघन होगा, जबकि यह दूसरी एमसीसी के अनुरूप होगा। कांग्रेस नेता ने जाति जनगणना कराने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया, जिसकी घोषणा सरकार ने अप्रैल 2025 में की थी। उन्होंने जक्रि किया कि इस माँग को पहले सत्ताधारी पक्ष ने खारिज कर दिया था, और भारत जोड़ो न्याय यात्रा तथा 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं पर शहरी नक्सली मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

## गुजरात में यूसीसी कानून पास होने पर बोले अमित शाह- देश समान कानून से चले, हमारा संकल्प



(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता रही है कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले। गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर शाह ने यह बात कही। अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह भाजपा का स्थापना से ही संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और इस विधेयक को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है। उल्लेखनीय है कि गुजरात विधानसभा ने मंगलवार को श्गुजरात समान नागरिक संहिता विधेयक 2026श पारित किया, जिससे राज्य में सभी धर्मों के लिए विवाह, तलाक, संपत्ति और लिव–इन रिलेशनशिप के लिए समान कानून बन गया है। गुजरात ,उत्तराखंड के बाद यह विधेयक पारित करने वाला दूसरा राज्य बन गया है।

## वंदे मातरम के अनिवार्य गायन मामले में याचिका खारिज, गृह मंत्रालय के सर्कुलर को दी गई थी चुनौती

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वंदे मातरम गायन को अनिवार्य बनाए जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका गृह मंत्रालय के एक सर्कुलर के खिलाफ दायर की गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय गीत गाने का निर्देश अनिवार्य नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि मुहम्मद सईद नूरी की तरफ से दायर याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है। भेदभाव की आशंकाओं को अदालत ने अस्पष्ट करार दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि देश में हर धर्म का सम्मान किया जाता है। हेगड़े ने अपनी दलीलों में कहा कि लोगों को अपनी आस्था के बावजूद राष्ट्रीय गीत गाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सर्कुलर के कारण निष्ठा के सामाजिक प्रदर्शन में भाग लेना मजबूरी बन सकता



है। इस पर न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि क्या सर्कुलर में न गाने पर दंड के कोई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या किसी व्यक्ति को न गाने के लिए हटाया गया था। इस पर हेगड़े ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वंदे मातरम गायन के दौरान व्यवधान पैदा करने पर दंड का प्रावधान किया गया है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश के खंड 5 में सकना (उंल) शब्द का प्रयोग है। इसका अर्थ है कि राष्ट्रीय गीत गाने या न गाने की पूरी स्वतंत्रता है। यह प्रावधान किसी के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है। मुख्य न्यायाधीश कांत ने भी हेगड़े से पूछा कि क्या याचिकाकर्ता को कोई नोटिस भेजा गया था। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि यदि उसे कोई दंडात्मक कार्रवाई या नोटिस मिलता है। तो वह फिर से अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। कोर्ट ने वर्तमान याचिका को भेदभाव की अस्पष्ट आशंका मात्र बताया। इसमें कोई ठोस आधार नहीं था।

## लगातार दूसरे दिन शेयर बाजारों में तेजी, 1,205 अंक चढ़ा सेंसेक्स, बढ़त के साथ बंद हुआ निफ्टी

(एजेंसी) मुंबई। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,205 अंक (1.63 प्रतिशत) चढ़कर 75,273.45 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी–50 सूचकांक 394.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत ऊपर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर भी दोनों प्रमुख सूचकांक 1.8 प्रतिशत के आसपास चढ़े थे। पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध को लेकर शांति वार्ता की उम्मीद में शेयर बाजारों में तेजी लौटी है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप–50 सूचकांक 2.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप–100 सूचकांक 2.59 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, बैंकिंग, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांक दो फीसदी से अधिक चढ़े। तेल एवं गैस, मीडिया और आईटी समूहों में भी तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, टाइटन, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत चढ़े। भारतीय स्टेट बैंक, सनफार्मा, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर ऊपर रहे। इटरनल, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। एनटीपीसी,एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। टेक महिंद्रा में डेढ़ प्रतिशत और पावर ग्रिड में सवा प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। टीसीएस का शेयर भी नीचे बंद हुआ।

## अफवाहों पर न दें ध्यान! भारत सरकार का बयान

### देश में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल और एलपीजी स्टॉक

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू–राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें




पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। बीपीसीएल ने कहा, पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और भारत इन ईंधनों का शुद्ध निर्यातक है। कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। कंपनी ने बताया कि उसकी सभी रिफाइनरी, डिपो और पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराकर ईंधन की अनावश्यक खरीद न करें। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी कहा कि देश की सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर चल रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देशभर में सभी खुदरा ईंधन आउटलेट सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी देखी गई, जिससे पेट्रोल पंपों पर असामान्य भीड़ हुई। सरकार ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और आश्वस्त किया है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

## 13 साल की बेहद दर्दनाक जद्दोजहद खत्म,हरीश राणा का किया गया अंतिम संस्कार

(एजेंसी) गाजियाबाद। भारत में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति 31 वर्षीय हरीश राणा का बुधवार सुबह दक्षिणी दिल्ली के ग्रीन पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया और इसी के साथ 13 साल से जारी उनके चिकित्सकीय संघर्ष का अंत हो गया। हरीश के एक पड़ोसी ने बताया कि उनकी मां निर्मला देवी ने अपने बेटे को हाथ जोड़कर भावुक विदाई दी जबकि उनके पिता अशोक राणा ने शोक जताने आए लोगों से न रोने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका बेटा अब एक अच्छी जगह पर है और वह एक अच्छा बेटा था। परिवार के सदस्यों के अलावा, महिलाओं के नेतृत्व वाले आध्यात्मिक संगठन ब्रह्माकुमारीज की प्रतिनिधि भी अंतिम संस्कार में शामिल हुईं और उन्होंने हरीश के लिए प्रार्थना की। राणा परिवार गाजियाबाद की राज एम्पायर सोसाइटी में रहता है। इस सोसाइटी के निवासी भी दाह संस्कार में शामिल होने और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के सदस्य, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कर्मचारी, हरीश के रिश्तेदार और दोस्तों सहित बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद रहे।हरीश के शव को एम्बुलेंस में श्मशान घाट लाया गया। लोगों ने हरीश को हाथ जोड़कर अंतिम विदाई दी और कुछ लोगों ने शव को चिता पर रखे जाने से पहले उस पर केसरिया मालाएं चढ़ाईं। हरीश के छोटे भाई आशीष राणा ने अपनी बहन भावना के साथ चिता को मुखाग्नि दी। ब्रह्माकुमारीज की सिस्टर लवली ने कहा कि अंतिम संस्कार के दौरान ध्यान संबंधी मंत्रोच्चार किया गया। उन्होंने कहा, शरीर नश्वर संसार को छोड़ रहा है लेकिन आत्मा अमर है और उसने एक नयी यात्रा शुरू कर दी है। सिस्टर लवली ने कहा, परिवार ने हरीश की आंखें दान करने का फैसला किया है। परिवार के सदस्यों से बात नहीं हो पाने के कारण इसकी पुष्टि नहीं हो सकी कि क्या कोई अन्य अंग भी दान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में ब्रह्माकुमारीज द्वारा एक भोग और प्रार्थना अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा जिसमें वे व्यंजन तैयार किए जाएंगे जो हरीश को पसंद थे। उन्होंने कहा, हरीश एक दशक से अधिक समय तक खाना नहीं खा सके। अब आत्मा मुक्त है। प्रतीकात्मक रूप से, हम वह भोजन उपलब्ध कराएंगे जो उनके शरीर को प्रिय था। उच्चतम न्यायालय ने 11 मार्च को एक ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र हरीश 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में थे। हरीश का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स–दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया था। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि मरणासन्न या लाइलाज बीमारी से जूझ रहे किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवनरक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना, ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके।

## कितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल, ममता ने दिया नया नारा

### - भाजपा को बताया विनाश पार्टी

(एजेंसी) जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने श्आप चाहे कितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल नारा दिया है। बुधवार को जलपाईगुड़ी में



जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने एसआईआर के जरिए वोट काटने समेत कई आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी तीखा प्रहार किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैली में कहा कि असली वोटर्स के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। साथ ही, पहचान और नागरिकता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा, इतने दिन इसी मिटटी पर रहने के बाद आप हमें विदेशी नागरिक कह रहे हैं। आप कह रहे हैं हमें प्रमाण देना होगा कि हम इस देश के नागरिक हैं या नहीं। पहले आप प्रमाणित करें कि आप इस देश के नागरिक है या नहीं। पहले आप यह साबित करें कि आप इस देश के नागरिक हैं या नहीं और उसके बाद लोगों के सामने किसी दूसरे व्यक्ति को चुनौती दें। ममता बनर्जी ने आरोप लगाए कि वे (भाजपा) बंगाल राज्य को ही खत्म कर देना चाहते हैं। इसके लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा, आपको बिहार में मिला दिया जाएगा। मैंने उत्तरी बंगाल के बंटवारे को रोक दिया है। यह बात कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर सामने आई थी और मैंने उसी दिन इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। याद रखिए, मैंने लोगों के अधिकारों के लिए सड़कों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी है। इसी बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने श्आप चाहे कितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल का नारा दिया। उन्होंने कहा, 4 तारीख को वोटों की गिनती है। इसीलिए कहा जाता है कि 1, 2, 3, 4, हारेगी भाजपा। ममता बनर्जी ने पेट्रोल की कीमतों और महंगाई के मुद्दे को लेकर भी भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, फिर से पेट्रोल के दाम बढ़ गए हैं। सामान के दाम बढ़ रहे हैं। मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है। मेरे हाथ से सभी कुछ ले लिया गया है। मेरे हाथ में सिर्फ एक चीज है, और वो मेरे पास लोग हैं। भाजपा पार्टी विनाश पार्टी है।

# सम्पादकीय

## प्रदेश भाजपा में बैठकों का दौर जारी

वैसे तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का समय है। लेकिन मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि न सिर्फ भाजपा बल्कि संघ परिवार का प्रमुख आरएसएस के बारे में यह कहा और सुना जाता है कि वह किसी भी चुनाव के निध ारित समय से बहुत पहले संबंधित चुनावों को लेकर बहुत पहले ही सक्रिय हो जाता है। यही कारण है कि ऐसे ही कुछ इन दिनों उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की बैठकों का दौर लगातार जारी है। संघ के बड़े नेता के संघ भाजपा के नेताओं की बैठक के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक बीते दिनों यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के लखनऊ आवास पर हुई। भाजपा कोर कमेटी की इस बैठक में मुख्यमंत्री मौजूद नहीं रहे। मुख्यमंत्री पहले से ही पूर्व निर्धारित नोएडा के कार्यक्रम के लिए नोएडा में मौजूद थे। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद थे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के घर पर यह बैठक थी। मालूम हो कि प्रदेश की योगी सरकार के 9 साल पूरे हो गए हैं, इसको लेकर कुछ दिन पहले ही प्रेस कांफ्रेंस करके आगे की दिशा और नीति पर मुख्यमंत्री ने अपनी राय रखी थी। पिछले 9 साल में यह पहली बार है कि किसी डिप्टी सीएम के यहां ऐसी कोई बैठक हो रही हो ऐसी तमाम बैठक मुख्यमंत्री के पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर ही होती थी या भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में होती थी। दोनों सरकारों में उपमुख्यमंत्री रहे केशव प्रसाद मौर्य के घर पर भी ऐसी बैठक कभी नहीं हुई। इस बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा सकारात्मक और सार्थक मुलाकात। यह भी लिखा कि उपमुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उनका स्वागत किया मुलाकात के एजेंडे पर जानकारी यह है कि परियोजनाओं किसान कल्याण युवा रोजगार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति को लेकर बातचीत हुई है। भाजपा संगठन की मजबूती आगामी चुनावी तैयारी और केंद्र राज्य समन्वय को मजबूत करने पर चर्चा हुई। आपको बताते चले इससे पहले 20 मार्च को मुख्यमंत्री की आवास पर संघ और भाजपा के करीब साढे चार घंटे बैठक चली थी। कहा जा रहा है कि मंत्रियों और विधायकों के काम की जमीनी हकीकत को लेकर हुई इस बैठक में कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने, संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बनाने और विधानसभा चुनाव से पहले माहौल सुधारने पर मंथन हुआ। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष और दोनों उपमुख्यमंत्री मौजूद थे, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में चौधरी भूपेंद्र सिंह (पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष) और अशोक कटारिया को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं पूजा पाल के मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना है। बलदेव औलख को प्रमोशन मिल सकता है, जबकि गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी और प्रदेश महामंत्री को मंत्री बनाया जा सकता है।



नफीस जाफरी

## केंद्रीय कारागार इटावा का उच्चस्तरीय निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### –सुरक्षा, साफ–सफाई व बंदियों की सुविधाओं पर दिए गए आवश्यक निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय कारागार इटावा का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधि कारियों ने कैदियों की बैरकों, भोजनालय एवं चिकित्सालय का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ–सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने संबंधित जिम्मेदारों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए तथा कारागार में अनुशासन और सुरक्षा मानकों को सु.ढ़ बनाए रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड की कमाई से खरीदी कार पर पुलिस की कार्रवाई, वाहन कुर्क

### –पुलिस का अपराधियों पर सख्त शिकंजा।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत इटावा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आपराधिक गतिविधियों एवं ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी से अर्जित धन से खरीदी गई एक महिन्द्रा कार को कुर्क कर लिया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अभियुक्त रौकी राणावत पुत्र राकेश कुमार निवासी किल्ली रोड, कस्बा एवं थाना बसरेहर, जनपद इटावा के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त द्वारा महिन्द्रा कार संख्या यूपी 75 एएन 9191 को आपराधिक गतिविधियों एवं ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी से अर्जित धन से खरीदा गया था। प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को कुर्क कर लिया गया। जब्त की गई महिन्द्रा कार की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख 9 हजार रुपये बताई गई है। इटावा पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।



# पश्चिम एशिया संकट-आम आदमियों के हितों के लिए मोदी सरकार ने बनाया मास्टर प्लॉन



गुलफिशा खान

हर जंग की शुरुआत में एक घोषणा की जाती है– यह जंग इंसानियत को बचाने की जंग है, लाखों जान बचाने के लिए न टाली जा सकने वाली जंग है। ईरान के खिलाफ 26 दिन पहले अमेरिका और इजरायल की तरफ से जब जंग शुरू की गई थी तब भी कुछ ऐसे ही दावे किए गए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि वो ईरान के लोगों को एक तानाशाही शासन से आजादी दिलाने निकले हैं, इस्लामिक शासन को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए निकले हैं। तो वहीं इध र भारत की अगर बात की जाए तो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत सरकार ने अब साफ कर दिया है कि यह सिर्फ विदेश नीति का मामला नहीं है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई, खेती, उद्योग और आम आदमी की जिंदगी से जुड़ा बड़ा संकट है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (22 मार्च 2026) को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की अहम बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें इस पूरे संकट के भारत पर पड़ने वाले असर और उससे निपटने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में न केवल वर्तमान स्थिति की समीक्षा हुई बल्कि इसमें शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म एक्शन प्लान पर विस्तार से चर्चा हुई। भोजन, ऊर्जा और ईंधन सुरक्षा की उपलब्धता का विस्तृत आकलन किया गया। सरकार ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों के जरिए इनकी निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करने का प्लान बनाया है. संकट की गंभीरता को देखते हुए बैठक में कैबिनेट सचिव ने वैश्विक स्थिति का विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया. इसमें साफ बताया गया कि यह संघर्ष दुनिया की अर्थव्यवस्था पर अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक तीनों स्तर पर असर डालेगा। सरकार ने खास तौर पर .षि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, एमएसएमई, निर्यात, शिपिंग, सप्लाई चेन, पर इसके असर का आकलन किया। यानी सरकार ने पूरे सिस्टम को ध्यान में रखते हुए और आम आदमी को केंद्र में रखते हुए अपनी योजना बनाई है, जहां सबसे अधिक जोर इस बात पर है कि जरूरी चीजों की सप्लाई कैसे बचेगी। बैठक का सबसे बड़ा फोकस था आम आदमी की जरूरत की चीजें न तो महंगी हो, न ही उसकी किल्लत। सरकार ने भोजन, ऊर्जा, ईंधन तीनों की उपलब्धता का विस्तृत आकलन किया। फैसला ये लिया गया कि जरूरी वस्तुओं की लगातार सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म तीनों तरह के उपाय किए जाएंगे। इसका मतलब सरकार सिर्फ अभी की नहीं, आने वाले महीनों की तैयारी कर रही है। आगामी खरीफ सीजन के लिए खाद की जरूरतों की समीक्षा की गई। बैठक में तय हुआ कि खाद के स्टॉक की कोई कमी नहीं होगी और भविष्य के लिए वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय स्रोतों पर काम शुरू कर दिया गया है। सरकार खाद संकट से कैसे निपटेगी इस पर बैठक में खास चिंता दिखाई गई। खरीफ सीजन (जून से अक्टूबर) के लिए खाद की जरूरत का आकलन किया गया। देश में पहले से मौजूद खाद भंडार की समीक्षा की गई। बताया गया कि पिछले कुछ सालों के दरम्यान खाद का पर्याप्त स्टॉक बनाया गया है, इसकी वजह से खाद उपलब्धता बनी रहेगी। हालांकि खाद की उपलब्धता आगे भी बनी रहे इसे लेकर सबसे अहम फैसला ये लिया गया कि उर्वरकों के वैकल्पिक स्रोत खोजे जाएंगे। यानी अगर मध्य–पूर्व संकट आगे भी बरकरार रहा और इससे सप्लाई चेन पर असर पड़ा तो दूसरे देशों से इसे आयात किया जाएगा ताकि खेती पर इसका नकारात्मक असर कम हो। और इससे भोजन की कीमतों में वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। देश के सभी पावर प्लांटों में कोयले के पर्याप्त स्टॉक की पुष्टि की गई, ताकि औद्योगिक और घरेलू क्षेत्रों में बिजली की कोई कटौती न हो। भारत में बिजली को लेकर यह भरोसा है कि यहां क्यूबा समेत दुनिया के



कई देशों की तरह ब्लैकआउट का खतरा नहीं है। भारत सरकार ने इसे लेकर आश्वासन दिया है कि देश में बिजली की कमी नहीं होगी। इसकी वजह बताई गई है कि यहां सभी पावर प्लांट में पर्याप्त कोयला भंडार मौजूद है। इसका मतलब यह हुआ कि कोयला पर आधारित बिजली जब मौजूद होगी तो गैस के संकट का असर कम होगा। केमिकल, फार्मा और पेट्रोकेमिकल सेक्टर्स के कच्चे माल के आयात के लिए नए देशों और स्रोतों की तलाश की जाएगी। वहीं भारतीय सामानों के लिए नए वैश्विक बाजार विकसित किए जाएंगे। सरकार ने माना कि केमिकल, फार्मास्यूटिकल, पेट्रोकेमिकल जैसे सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। लिहाजा यह फैसला लिया गया कि जरूरी आयात के स्रोतों में विविधता लाई जाएगी। यानी एक या दो देश पर निर्भरता कम करके नए देशों से सप्लाई ली जाएगी। इससे इस सेक्टर की लागत जहां नियंत्रण में रहेगी वहीं उत्पादन भी नहीं रुकेगा। संकट के बीच सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया। यह तय किया गया है कि भारत नए निर्यात बाजारों की तलाश करेगा। इससे निर्यातकों को राहत मिलेगी तो देश में विदेशी मुद्रा की आय बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सरकार के सभी अंग मिल कर काम करें। इसके लिए प्रधानमंत्री ने मंत्रियों और सचिवों का एक विशेष समूह बनाने का निर्देश दिया है, जो हर विभाग के साथ मिलकर इस बदलती स्थिति पर पैनी नजर रखेगा। फैसलों को तेजी से लागू करेगा। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि अलग–अलग सेक्टर के लिए क्षेत्रीय समूह बनाए जाएं, जो उद्योग, किसान और व्यापारियों समेत सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करेंगे। जो भी फैसले लिए जाएंगे वो जमीनी हकीकत से जुड़े होंगे। इसका मतलब है कि ऊर्जा मंत्रालय, .षि मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, सूक्ष्म–लघु–मध्यम उद्योग, शिपिंग और लॉजिस्टिक्स, सभी विभागों को एक रणनीति के तहत काम करना होगा। क्योंकि तेल महंगा हो चला है, अब अगर भारत में इसकी कीमतें बढ़ीं तो ट्रांसपोर्ट महंगा होगा, जिससे लोगों की थाली तक पहुंचने वाला खाना भी महंगा हो जाएगा। ऐसा न हो या इसका कम से कम असर पड़े इसके लिए सरकार की ओर से समाधान भी सभी अहम विभाग मिलकर बनाएं तब यह असरकारी होगा। बैठक में एक बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया कि कालाबाजारी और जमाखोरी रोकना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकारों के साथ समन्वय बिठाने के निर्देश दिए हैं ताकि युद्ध की आड़ में जरूरी वस्तुओं की जमाखोरी या कालाबाजारी न हो सके। साथ ही बाजार पर भी नजर रखने को कहा गया है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि संकट के समय कीमतें और बढ़ती हैं तो सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि लोगों तक जरूरी सामान आसानी और निम्नतम कीमत तक पहुंचे। कुल मिलाकर सरकार ने ईरान अे इजरायल–अमेरिका युद्ध से आर्थिक संकट की संभावना को देखते हुए मैक्रो इकोनॉमिक स्तर पर तैयारी की है। इसमें सप्लाई चेन से लेकर महंगाई और ग्रोथ सभी का आकलन किया गया है। इस बैठक में सरकार ने अपनी प्राथमिकता आम आदमी को इसकी आंच से बचाने का रखा है। हालांकि यह युद्ध अगर लंबा चला तो आर्थिक दबाव बढ़ सकता है जिसे देखते हुए ही सरकार ने ये संकेत भी दिए हैं कि जरूरत पड़ने पर और कदम उठाए जाएंगे।

# कड़वा सच ट्रंप ने युद्ध की आड़ में ईरान की जनता को भी दिया धोखा



फरीद वारसी

आज से लगभग 3 हते पहले जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जंग शुरू करने का ऑर्डर अपनी सेना को दिया था, उनके आंखों के पीछे हसीन सपने थे– ईरान में सत्ता परिवर्तन, इस्लामिक सरकार की जगह अमेरिका की पसंद की सरकार बनेगी। लेकिन आज जमीनी हकीकत इससे ठीक उलट है। तेहरान में अपने मुताबकि सरकार बैठाने निकले ट्रंप को खुद वाशिंगटन में विरोध झेलना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप अब खुद सवालों के घेरे में हैं कि क्या उन्होंने झूठ बोलकर ईरान पर हमला किया। ट्रंप सरकार में आतंकनिरोधी दस्ता के चीफ के पद से इस्तीफा देने वाले जो केंट ने दावा किया है कि ईरान परमाणु बम बनाने के करीब नहीं था। जबकि यही बात बोलकर तो ट्रंप ने जंग की शुरुआत की थी। इतना ही नहीं नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने ऐसा बयान दिया है जो ट्रंप को अंदर तक चुभ रही होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन लोगों के नाम पर ईरान के खिलाफ जंग शुरू की थी, अब वे लोग ही उनके खिलाफ नजर आने लगे हैं। 28 फरवरी को जंग शुरू करने से पहले ट्रंप ने बार–बार खुद को ईरान की विद्रोही जनता का मसीहा दिखाया था, एक तानाशाही शासन से आजादी का सपना दिखाया था। लेकिन जंग के 25दिन बीत जाने के बाद ट्रंप और उनकी सेना ईरान में बिना किसी भेद सैनिक और जनता पर बमबारी कर रही है। जंग के पहले ही दिन तेहरान में लड़कियों के स्कूल पर मिसाइल अटैक करने वाली अमेरिकी सेना को ट्रंप ने एक और काम दिया है। ट्रंप ईरानी शासन नहीं पूरे ईरान को ही अपना दुश्मन मान बैठे हैं, आम लोगों की मूल जरूरतों को पूरा करने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर को ही निशाना बनाने की तैयारी है। जंग से पहले बार बार ट्रंप से हमले की गुजारिश करने वाले ईरानी क्राउन प्रिंस भी ट्रंप को अब बता रहे हैं कि आपकी लड़ाई ईरान से नहीं, वहां के इस्लामिक शासन से हैं। ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने कहा है कि ईरान और वहां का इस्लामिक शासन एक नहीं है और यहां की मौजूदा व्यवस्था (रेजिम) को खत्म किया जाना चाहिए। पहलवी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अपील की कि वे रेजिम और उसके दमन करने वाले तंत्र को निशाना बनाते रहें, लेकिन नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान न पहुंचाएं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "ईरान इस्लामिक रिपब्लिक नहीं है। ईरान का नागरिक बुनियादी ढांचा ईरान के लोगों का है और एक स्वतंत्र ईरान के भविष्य का हिस्सा है। इस्लामिक रिपब्लिक का ढांचा दमन और आतंक की मशीन है, जिसका इस्तेमाल उस भविष्य को सच होने से रोकने के लिए किया जाता है। ईरान की रक्षा की जानी चाहिए। इस रेजिम को खत्म किया जाना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, "मैं राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू से अनुरोध करता हूं कि वे रेजिम और उसके दमन के तंत्र को निशाना बनाते रहें, लेकिन नागरिक बुनियादी ढांचे को बचाएं, क्योंकि ईरानियों को अपने देश का पुनर्निर्माण करने के लिए इसकी जरूरत होगी। अमेरिका और इजरायल के समर्थन से, और सबसे बढ़कर ईरानी देशभक्तों के बलिदान से, ईरान की आजादी का समय करीब है. ईरान अमर रहे!" इजरायल–अमेरिका की बमबारी के पहले ही दिन (28 फरवरी) ईरान में लड़कियों के एक स्कूल पर टॉमहॉक मिसाइल हमले में कम से कम 175 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर बच्चियां थी। खुद अमेरिकी जांचकर्ताओं का मानना है कि इसके लिए अमेरिकी बल जिम्मेदार हो सकते हैं। तमाम अखबारों की एनालिसिस



में भी यही बात साबित हुई है। ठीक उसी दिन ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित लामेर्द में एक खेल भवन पर हुए हमले में 20 लोग मारे गए, जिनमें वॉलीबॉल खेल रही लड़कियां भी शामिल थीं। अगले दिन तेहरान के गांधी अस्पताल को हमलों में भारी नुकसान पहुंचा। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने "बहुत चिंताजनक" घटना बताया। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या ईरान में 1500 से ज्यादा, लेबनान में 1000 से ज्यादा, इजराइल में 15 और अमेरिका के 13 सैनिकों तक पहुंच गई है। इसके अलावा खाड़ी क्षेत्र में जमीन और समुद्र में भी कई नागरिक मारे गए हैं। लेबनान और ईरान में लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। अमेरिकी जंग में ईरान का इस्लामिक शासन कमजोर भले हुआ है लेकिन उसके खत्म होने या गिरने के कोई आसार नहीं हैं। ऐसा खुद अमेरिकी खुफिया विभाग कह रहा है। ऐसे में ईरान के विद्रोही लोग ट्रंप से सवाल कर रहे हैं कि आपने हमें आजादी तो नहीं दिलाई लेकिन जंग में सैकड़ों मासूम लोगों की जान जरूर चली गई। अमेरिका में लोगों के बीच यह चिंता बढ़ रही है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकता है। कई अमेरिकी मानते हैं कि इससे पेट्रोल की कीमतें बढ़ेंगी और अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है। सीबीएस न्यूज के एक हालिया सर्वे के अनुसार, अमेरिकी लोगों का मानना है कि यह युद्ध पहले से ही तेल–गैस की कीमतों को प्रभावित कर रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। सरकार द्वारा धैर्य रखने की अपील के बावजूद लोगों का आर्थिक सुधार पर भरोसा कम है। सर्वे में ज्यादातर लोगों का मानना है कि यह संघर्ष कम से कम निकट भविष्य में अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर डालेगा। आंकड़े यह भी दिखाते हैं कि संभावित मंदी का डर फिर से बढ़ रहा है। साथ ही, अमेरिकी लोगों की नजर में वर्तमान आर्थिक स्थिति की छवि भी खराब हो रही है। यह सब उस समय हो रहा है जब कई अमेरिकी जरूरी सामानों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी महसूस कर रहे हैं, जिससे आर्थिक चिंता और बढ़ गई है। ट्रंप के लिए परेशानी यह भी है कि सिर्फ उनकी पार्टी– रिपब्लिकन में ही उनका विरोध नहीं हो रहा है, खुद उनकी टीम में भी फूट दिखाई देने लगी है। ट्रंप सरकार में आतंकनिरोधी दस्ता के चीफ जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब खुलकर तमाम मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर ट्रंप का विरोध कर रहे हैं। साथ ही केंट ट्रंप के वोट बैंक– मेक अमेरिका ग्रेट अगेन आंदोलन में लोगों को ट्रंप के जंग के फैसले के खिलाफ लामबंद करने में जुट गए हैं।

# किसानों की टिकाऊ आजीविका की रक्षा को जलवायु बदलाव नियंत्रण से जोड़ रहा एक सार्थक प्रयास

भारत डोगरा

देश के अधिकतम किसान छोटे किसान हैं जो अन्य समस्याओं के साथ मौसम में आ रहे अप्रत्याशित बदलावों को भी झेल रहे हैं। यदि उनकी टिकाऊ आजीविका की रक्षा को जलवायु बदलाव के नियंत्रण से भी जोड़ा जा सके, तो यह एक बहुत सार्थक पहल होगी। महोबा जिले (उत्तर प्रदेश) के जैतपुर प्रखंड के 50 गांवों में ऐसा ही एक प्रयास लगभग दो वर्षों से सृजन संस्था द्वारा हो रहा है जिसे एच.एफ.डी.सी. के परिवर्तन प्रयास से सहयोग मिल रहा है। इस प्रयास की बुनियाद में दो प्रमुख सोच हैं। पहली सोच यह है कि यदि जल व मिट्टी संरक्षण, वृक्षारोपण आदि के पर्यावरण रक्षा के प्रयास से ग्रामीण पर्यावरण में बेहतर सुधार कर लिया जाए तो इससे किसानों की टिकाऊ आजीविका की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है। तिस पर यदि प्राकृतिक खेती को फल व सब्जी के छोटे–छोटे बगीचों व आत्म–निर्भरता के तौर–तरीकों से आगे बढ़ाया जाए, तो किसानों का खर्च कम करने व स्वस्थ व अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद प्राप्त करने के उद्देश्य भी साथ–साथ प्राप्त हो जाते हैं। इस सोच को व्यवहारिक रूप देते हुए पिछले दो वर्षों में इस स्वावलंबन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत लगभग 24000 वृक्ष मानव–निर्मित सघन वनों में लगाए गए हैं, 210 फलों के बगीचे व 110 सब्जियों के बहु–स्तरीय बगीचे तैयार किए गए हैं। जल–संरक्षण के लिए वर्षा जल के प्राकृतिक निकासी नालों में मानवीकृत गड्ढे बनाए गए हैं जिन्हें दोहा कहा जाता है व जिनमें पानी वर्षा के महीनों बाद बचा रहता है। ऐसे 406 दोहे बनाए गए हैं, 11 चौक डैमों व 5 तालाबों की मरम्मत की गई है, 24 गेबियन व चौक डैम बनाए गए हैं, 220 कुंओं का पुनरुद्धार किया गया है। 528 एकड़ भूमि पर मेढ़बंदी व समतलीकरण कार्य पूरा किया गया है। बेहतर सिंचाई के लिए 214 स्प्रिंकलर सेट व 14 सौर ऊर्जा लिफ्ट सिंचाई के सेट उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त गांवों में विशेषकर महिलाओं को संगठित कर विकास समितियां व किसान समूह बनाए गए हैं व महिला किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रतिष्ठित किया गया है। इन समितियों में छोटे किसानों व कमजोर वर्गों को अधिक महत्व दिया गया है। इन विभिन्न प्रयासों का सम्मिलित असर यह हुआ है कि अनेक गांवों के प्रतिभाशाली किसानों ने अनुकूल स्थितियों का लाभ उठाते हुए बहुत रचनात्मक संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। सलैया माफ गांव में संतोष कुमार और वीना देवी ने आगे बढ़ कर प्राकृतिक खेती को अपनाया और साथ में अपना खर्च कम करते हुए उत्पादन को बढ़ा कर दिखाया। इसी गांव में श्याम सुंदर तेजी से इसी राह पर बढ़ रहे हैं। बेनीबाई ने बताया कि चौक डैम बनने से अब उस भूमि पर भी खेती हो रही है जो पहले बंजर थी। संजीव कुमार बहुत उत्साह से प्राकृतिक खेती का प्रचार कर रहे हैं। यही स्थिति नगारा डांग व बुधवारा गांवों की भी है। सुगीरा गांव में एक एकड़ भूमि पर सब्जी उगाते हुए अशोक कुशवाहा व हिमलेश देवी ने नई परिस्थितियों में अपनी इस भूमि से होने वाली आय को चार गुणा तक बढ़ा दिया। अशोक ने यह बताते हुए आंकड़े प्रस्तुत किया। लमौरा गांव में स्वामी प्रसाद व कस्तूरी देवी के खेत में बने बहु–स्तरीय सब्जी के बगीचे को देखने आसपास के कई किसान आ रहे हैं। स्प्रिकंलर खेती व प्राकृतिक खेती के बल पर उनके रचनात्मक प्रयास आगे बढ़ रहे हैं व 8 बीघे में वे फ ल, सब्जी सहित लगभग 50 उत्पाद एक ही वर्ष में उगा रहे हैं। मिश्रित खेती, कीड़ों व बीमारियों को दूर रखने, उचित फसल–चक्र को अपनाने की उनकी गहरी समझ है। उनकी तरह कामता प्रसाद व मुन्नी का खेत भी किसानों के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र की तरह है। कामता प्रसाद व मुन्नी को तथा उनके संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों को इस परियोजना के अन्तर्गत जंगली जानवरों से रक्षा के लिए मजबूत लोहे की फेनसिंग मिली। इस तरह प्रतिकूल स्थितियों में भी उन्होंने अच्छे उत्पादन की प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाया। लखन लाल व विमला देवी ने अपने खेत पर ही जैविक खाद तैयार की व इसे अन्य किसानों को भी उपलब्ध करवाया। इस तरह जो रचनात्मक उपलब्धियां बढ़ रही हैं, वे जलवायु बदलाव पर नियंत्रण के संदर्भ में भी सार्थक है। जो किसान अपना खर्च कम कर रहे हैं, मिश्रित खेती अपना रहे हैं, जिनके गांवों में जल व मिट्टी संरक्षण हो रहा है वे सब जलवायु बदलाव के उतार–चढ़ाव का सामना करने में भी अधिक सक्षम हो रहे हैं। इन गांवों में रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं का उपयोग भी कम हो रहा है जिससे फॉसिल फ्यूल यानि जीवाश्म ईंधन का बोझ भी कम हो रहा है। लाडपुर जैसे जिन गांवों में सौर लिफ्ट सिंचाई की व्यवस्था की गई है वहां भी किसानों का खर्च बहुत कम होने व सिंचाई में सुधार के साथ डीजल के रूप में फॉसिल फ्यूल का बोझ कम हुआ है। छोटे किसानों के लिए सस्ते उपकरणों जैसे पावर टिलर उपलब्ध करवाने के केन्द्र खोल गए हैं। पावर टिलर में ट्रैक्टर से कहीं कम डीजल का उपयोग होता है व इस तरह फॉसिल फ्यूल का बोझ और कम होता है। पेड़ों की संख्या बहुत बढ़ने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधरने से भी कार्बन सोखने की क्षमता बढ़ी है। इस तरह किसानों की आजीविका की रक्षा व जलवायु बदलाव का सामना करने की क्षमता बढ़ाने के कार्य इस प्रोजेक्ट में साथ–साथ आगे बढ़ सके हैं जो उत्साहवर्धक है।

# जिला स्तरीय विकास समिति की पहली बैठकरू गाजीपुर में विकास योजनाओं की व्यापक समीक्षा और नई पहलें

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर । जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक ओमप्रकाश सिंह मा0 विधायक जमानियां की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक मे जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, विधायक मोहम्मदाबाद सुहेब उर्फ मन्नू अंसारी, विधायक सदर जैकिशन साहू, विधायक सैदपुर प्रतिनिधि, विधायक जमानियां प्रतिनिधि मन्नू सिंह, ब्लाक प्रमुख बाराचॅवर, भॉवरकोल, जखनिया, सदर, मरदह के साथ–साथ जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे। सर्व प्रथम बैठक मे मा0 अध्यक्ष एवं विधायकगण, ब्लाक प्रमुखगणो का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सम्मान करने के पश्चात मा0अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एंव अधिकारीगणों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात बैठक की समीक्षा प्रारम्भ हुयी। बैठक मे मा0 अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जनपद मे दिशा की बैठक के बाद जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक एक महत्तपूर्ण बैठक है ,यह बैठक जनपद मे प्रथम बार आयोजित हो रहा है। उन्होने कहा कि जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधि उत्तरदायी होते है, सभी जनप्रतिनिधि जो नामित सदस्य है वो कही न कही योग्यता रखते है तथा जनता के माध्यम से चुन का आते है, सभी का कर्तव्य है की वो जनपद को विकास के पथ पर ले जाये क्योकि, लोकतांत्रिक व्यवस्था मे विकास जिम्मेदारो का पथ है ओर सभी जनप्रतिनिधि इसके जिम्मेदार है। उन्होने उपस्थित अधिकारियो से कहा जनपद के विकास के लिए मा0जनप्रतिनिधियो का भी प्रस्ताव लिया जाये एंव शासन मे जो पत्राचार



होते उसकी सूचना दी जाये। इसके अतिरिक्त जनपद मे स्वास्थ्य,शिक्षा, विद्युत सिचाई,किसानो के लिए खाद वितरण, आदि पर विशेष ध्यान देते हुए इन विभागो से सम्बन्धित समस्यो का निस्तारण किया जायें, ताकि लोगो को समस्याओ का सामना न करना पड़े, उन्होने कहा कि विद्युत बिल एंव चेकिंग के नाम किसी को बिना वजह परेशान न किया जाये। मा0अध्यक्ष महोदय ने मनरेगा कें समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद मे 67 लाख मानव दिवस के सापेक्ष माह फरवरी तक 66 लाख का लक्ष्य पूरा हो गया है तब मा0 अध्यक्ष ने लक्ष्य को और बढाने का निर्देश दिया ताकि पात्रो को अधिक लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री आवास योजना मे विधवा महिलाओ, विकलांग को चयनित कर योजना का लाभ दिया जाये। उन्होने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मे अधूरे सड़को को पूर्ण कराने को कहा तथा यह भी कहा कि यदि कही विवाद है तो उसकी समीक्षा कर निस्तारण किया जाये। उन्होने कहा कि जनपद मे 16 ब्लाक है लेकिन किसान कल्याण केन्द्र केवल 09 ही बने है, किसानो की समस्याओ को देखते हुए प्रत्येक ब्लाक मे किसान कल्याण केन्द्र हेतु प्रस्ताव भेजा जाये। इसके साथ ही उन्होने लघु सिचाई, जल निगम, पशुपालन, सिचाई देवकली पम्प नहर, मत्स्य विभाग, समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित छात्रवृत्ति योजना मे उत्पन्न समस्याओ के निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। बैठक मे उपस्थित विधायकगणो, ब्लाक प्रमुखगणो एवं सदस्यगणो मे अपने–अपने क्षेत्रो से सम्बन्धित समस्याओ को अवगत कराया गया। जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक मे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, दीनदयाल अन्तयोदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय .षि विकास योजना, .षि प्रौद्योगिक प्रबंधन योजना(एटीएमए), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना(पीए किसान), ई–राष्ट्रीय .षि बाजार (ई–एनएएम), .षि अवसंरचना निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, परम्परागत .षि विकास योजना, प्रधानमंत्री .षि सिंचाई योजना, मृदा नमूना, ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवो की आबादी का सर्वेक्षण ओर मानचित्रण(स्वामित्व), राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण)फेज–2, लघु सिचाई विभाग में संचालित कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, बाढ़ एवं सिचाई परियोजना से संबंधित प्रगति, लघु डाल नहर खण्ड की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, जल निगम(नगरीय), बकरीध्भेड़ पालन योजना, पशुओं का टीकारण, .त्रिम गर्भाधान का विवरण, मिनी नन्दिनी .षक समृद्धि योजना, नन्दिनी .षक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजनाध्मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ–संवर्धन योजना की प्रगति, कुक्कुट विकास अन्तर्गत स्थापित कामर्शियल लेयर फार्म एवं ब्रायलर पैरेन्ट फर्म तथा निजी क्षेत्र में स्थापित कामर्शियल लेयर फर्म एवं ब्रायलर पैरेन्ट फार्म के 05 प्रगतिशील बडे कुक्कुट उद्यमियों की सूची, मा0 मुख्यमंत्री निराश्रितध्बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, पशुपालन विभाग उ0प्र0 के0सी0सी0(पशुपालन घटक) प्रगति सूचना, दुग्ध विभाग की प्रगति रिर्पोट, आधार सिडिंग एवं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान वितरण की प्रगति, रिक्त दुकानों का विवरण, मा0 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत जारी घरेलू गैस कनेक्शनों का विवरण कम्पनीवार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजनाध्ओडी ओपी मार्जिन मनीधविश्वकर्मा श्रम सम्मान एवं ओडी ओपी प्रशिक्षण एवं टूल किट, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनाध्सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की प्रगति रिपोर्ट, उ0प्र0 एवं नवीकणीय उर्जा विकास अभिकरण यूपी नेडा की प्रगति, सहकारिता विभाग की प्रगति, वृद्धापेशन योजना की प्रगति, राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना, अत्याचारों से उत्पीड़ित अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के आर्थिक सहायता योजना, मा0 मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति के निर्धन परिवार के पुत्रियों की शादी योजना, छात्रवृत्ति वितरण की प्रगति, दिव्यांग पेशन की प्रगति, निराश्रित महिला पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से संबंधित प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(कोविड–19) एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पूर्वदशमध्दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, शादी अनुदान योजना, ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, गन्ना विकास की योजना में अनुदान संख्या–83 में (अनुसूचित जाति) की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, गन्ना विकास की योजना में अनुदान संख्या–23 में ( सामान्य) की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, गन्ना विकास की योजना में अनुदान संख्या–23 में (सामान्य) की वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यक्रमवार प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष भौतिक लक्ष्य एवं पूर्ति, गन्ना विकास की योजना में अनुदान संख्या–83 में (अनुसूचित जाति) की वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यक्रमवार प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष भौतिक लक्ष्य एवं पूर्ति, 88–ई–श्रम पोर्टल एवं 89 राष्ट्रीय कैरियर सेवा(एनसीएस), एकी.त बागवानी विकास मिशन योजनाध्प्रधानमंत्री .षि सिंचाई योजना की विस्तापूर्वक समीक्षा की गयी। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने अध्यक्ष महोदय को आश्वासन दिया कि बैठक के दौरान जो भी समस्याएॅ ध्शिकायते प्राप्त है उसका मानक के अनुरूप निस्तारण किया जायेगा। बैठक मे मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, परियोजना निदेशक दीन दयाल वर्मा, डी सी मनरेगा विजय यादव, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सांसद कंगना रनौत की श्टपोरीश वाली टिप्पणी पर भड़कीं महिलाएं, सीतापुर की सड़कों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा कथित तौर पर ष्टपोरीष और ष्लोफरष जैसे असंसदीय शब्दों के इस्तेमाल ने राजनीतिक गलियारों में तूफान खड़ा कर दिया है। इस अपमानजनक भाषा शैली के विरोध में आज सीतापुर के शहरी क्षेत्र में महिलाओं ने विशाल पदयात्रा निकालकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। लोकतंत्र की गरिमा पर प्रहार बर्दाश्त नहीं प्रदर्शन



का नेतृत्व कर रही सम्प्रीति राठौर ने कंगना रनौत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कहारू यह प्रदर्शन केवल किसी व्यक्ति विशेष के अपमान के खिलाफ नहीं है, बल्कि हमारी संसद और लोकतांत्रिक मूल्यों की गरिमा को बचाने की लड़ाई है। इस तरह की ओछी बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाती है और राजनीति के स्तर को गिराती है। प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं के तीखे वार आंदोलन में शामिल विभिन्न महिला नेताओं ने भाजपा सांसद को आड़े हाथों लिया। सुनीला रावत (सामाजिक कार्यकर्ता)रू ष्असहमति का मतलब गाली–गलौज नहीं होता। हम इस अपमानजनक राजनीति के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करेंगे। अनुप्रिया वमारू ष्संसद सर्वोच्च संस्था है। यदि वहां से ऐसी भाषा निकलेगी, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरा है। सुनीता चौधरी (जिला पंचायत सदस्य)रू ष्कंगना रनौत को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए और सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। हसीना खातून व रोशनी गुप्तारू ष्सत्ता के नशे में चूर सांसद मर्यादा भूल गई हैं। राष्ट्रपति को असंसदीय भाषा पर सख्त दिशा–निर्देश जारी करने चाहिए। राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन प्रदर्शन के अंत में आक्रोशित महिलाओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस विरोध प्रदर्शन में उर्मिला राठौर, नीतू राजवंशी, शांति मौर्य, शशी गौतम और मीना देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने एकजुट होकर संसदीय मर्यादा बनाए रखने की मांग की।

## सऊद्री अरब में ईरानी हमले का शिकार हुए सीतापुर के लाल का शव पहुँचा वतन, गांव में पसरा मातम

न्यूज वाणी ब्यूरो/महमूदाबाद सीतापुर। सात समंदर पार सऊदी अरब में रोजी–रोटी कमाने गए सीतापुर के युवक रवि गोपाल का पार्थिव शरीर बुधवार को जब लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। 18 मार्च को रियाद में हुए एक ईरानी हमले में रवि की जान चली गई थी। करीब एक सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार उनका शव उनके पैतृक गांव बघाइन के लिए रवाना किया गया। एयरपोर्ट पर बिलख पड़े परिजन, प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच की औपचारिकताएं पूरी होने



के बाद जैसे ही शव बाहर लाया गया, परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर प्रशासन की ओर से निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे नायब तहसीलदार (महमूदाबाद)रू शव को आधिकारिक रूप से सुपुर्द लिया। डॉ. अम्मार रिजवी एवं अन्य जनप्रतिनिधिरू शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। तहसीलदार महमूदाबादरू प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित किया। वह आखिरी फोन कॉलरू बातचीत के बीच ही थम गईं सांसें परिजनों ने रुंधे गले से बताया कि 18 मार्च को रवि अपनी पत्नी से फोन पर बात कर रहे थे। बातचीत का सिलसिला चल ही रहा था कि अचानक धमाके जैसी आवाज हुई और फोन कट गया। किसी ने नहीं सोचा था कि वह बातचीत रवि की आखिरी बातचीत होगी। इस घटना के बाद से ही घर की खुशियां मातम में बदल गईं। सरकारी प्रयासों से वापस लौटा पार्थिव शरीर रवि के शव को भारत लाने के लिए स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाई विधायक आशा मौर्य और डीएम राजा गणपति आर ने विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास से लगातार पत्राचार किया। कठिन कूटनीतिक प्रयासों के बाद शव को रियाद से लखनऊ लाने का रास्ता साफ हुआ। अंतिम संस्कार की तैयारीरू झ शव को एम्बुलेंस के जरिए सीतापुर के बघाइन गांव ले जाया गया है। परिजनों के अनुसार, पूरे हिंदू रीति–रिवाज के साथ गांव में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूरे इलाके में इस समय सन्नाटा पसरा हुआ है और भारी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं।

# गाजीपुर में राष्ट्रीय टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम का शुभारम्भ: 170 पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर 25 मार्च, 2026 (सू0वि0) – उत्तर प्रदेश सरकार के "नव निर्माण के नौ वर्ष "पूर्ण होने के अवसर पर आडिटोरियम सभागार मे राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन एवं टी0बी0 मुक्त पंचायत कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 विधानसभा परिषद सदस्य विशाल सिंह चचल, एवं नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर अतिथियों ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया। इस मौके पर एमएलसी चंचल ने कहा कि टीबी मुक्त भारत बनाने का जो सपना पीएम मोदी ने देखा है वह साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होने ग्राम प्रधानों से अपील किया कि आप सभी अपने ग्राम पंचायत टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रयास करें। अतिथियों ने इसके बाद एक सौ सत्तर टीबी मुक्त हुए ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को प्रमाण पत्र एवं गांधी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया ।जिसमें आठ गोल्ड, पचास सिल्वर एवं 112 कांस्य गांधीजी की प्रतिमा शामिल थी। रसूलपुर टी शेखपुर की प्रधान कल्पना यादव को सिल्वर गंधी जी की प्रतिमा से सम्मानित किया गया। इसके बाद निक्षय मित्रों निशांत सिंह तथा राहूल उपाध्याय को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। एमएलसी चंचल एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने विभाग में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं



कर्मचारियों को उत्.ष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में शिविर मे विभिन्न शासकीय योजनाओ को मुख्य रूप से सीएम युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी, पीएम स्वनिधि, एमवाईएसवाई, पीएम सूर्यघर एवं बैंको द्वारा संचालित विभिन्न एमएसएमई, रीटेल, एवं एग्रिकल्चर योजना के तहत 01.03.2026 से 25.03.2026 तक स्वी.त लगभग 200 करोड़ के ऋण का वितरण किया गया तथा लाभार्थियो को मुख्य अतिथि के द्वारा स्वी.ति पत्र एवं चेक की प्रति प्रदान की गयी। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने अपना सम्बोधन व्यक्त करते हुए सरकार की 09 वर्षो मे कराये गये विकास कार्यो की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश की सम्मानित जनता का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आज पूरा उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति, विकास और उन्नति की ओर अग्रसर है। सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से प्रदेश में एक नए युग का निर्माण हो रहा है। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को साकार करते हुए यह नव वर्ष प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रतीक बन रहे हैं। टी0बी0मुक्त कार्यक्रम में डीटीओ डा. रविरंजन, डा.मिथिलेश कुमार सिंह, मणिद्रनाथ, राघवेंद्र शेखर सिह, मुहम्मदाबद की काउंसलर नीरा,संजय यादव,सुनील कुमार वर्मा,बैकटेश्वर शर्मा, डीएमओ डा. मनोज सिंह,विवेक सिंह आदि कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दो टीबी चौंपियन को भी सम्मानित किये गये। प्रशिक्षण देकर टीबी चौंपियन बनाने वाले शशिशेखर को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप सीएमओ डा. मनोज सिंह ने सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम मे भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, ब्लाक प्रमुख राजन सिंह, पार्टी के कार्यकता के साथ, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार पाण्डेय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख पश्चिम संजय कुमार सिन्हा और क्षेत्र प्रमुख पूर्व मुकेश रमन, अग्रणी जिला प्रबन्धक राजदेव कुमार एवं सभी बैंक समन्वयक तथा अन्य अधिकारीध्कर्मचारी एवं लभार्थी उपस्थित रहे।

# कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कश्लेज में हर्षोल्लास के साथ बटे रिपोर्ट कार्ड

## –नतीजे देखकर खिले बच्चों के चेहरे, 15 अप्रैल तक एडमिशन बिलकुल फ्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन । कस्बा खीरी के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेजश में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के परीक्षा परिणामों की घोषणा पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ की गई। साल भर की कड़ी मेहनत का फल जब रिपोर्ट कार्ड के रूप में बच्चों के हाथों में पहुंचा, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उत्.ष्ट अंक पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे, वहीं उनके अभिभावकों की आंखों में भी गर्व की चमक साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने कस्बा खीरी के निवासियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी घोषणा भी की है, जिससे क्षेत्र के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत बांटे गए रिपोर्ट कार्ड विद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षा परिणामों के वितरण के लिए दो दिनों का विशेष कार्यक्रम तय किया गया था, ताकि बच्चों और अभिभावकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। 24 मार्च 2026रू मंगलवार को प्राथमिक विभाग यानी कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के नन्हे–मुन्ने बच्चों को उनके रिपोर्ट कार्ड सौंपे गए। 25 मार्च 2026रू बुधवार को सीनियर कक्षाओं यानी कक्षा 6 से लेकर कक्षा 11 तक के छात्र–छात्राओं को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। इन दोनों ही दिनों में विद्यालय परिसर में एक उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों ने अपनी सफलताओं का जश्न अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ साझा किया। प्रबंधन ने दी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं इस खास मौके पर स्कूल के शीर्ष प्रबंधन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर (एम.डी.) उम्मी खातून, प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी और वाइस प्रिंसिपल सैय्यद उवैस ने सभी पास हुए छात्र–छात्राओं को बधाई दी। एम.डी. उम्मी खातून ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि यह साल भर के कड़े परिश्रम का परिणाम होती है। वहीं, वाइस प्रिंसिपल सैय्यद उवैस ने बच्चों को आगे भी इसी लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल व स्वर्णिम भविष्य की कामना की। शशिक्षा व्यापार नहीं, सेवा हैश्रू प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी ने कुछ ऐसी बातें कहीं, जिसने वहां मौजूद हर अभिभावक का दिल जीत लिया। उन्होंने कस्बा खीरी की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, ष्कस्बा खीरी में जितने भी स्कूल संचालित हो रहे हैं, उन सबमें हमारा स्कूल सबसे सस्ता और किफायती है। हम इलाके की आर्थिक तंगी और गरीबी को बहुत करीब से देखते और समझते हैं। इसीलिए हमारी संस्था बच्चों से बहुत ही कम और नाममात्र की फीस लेती है, ताकि कोई भी होनहार बच्चा पैसों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए। प्रिंसिपल ने आगे जोर देते हुए कहा कि कम फीस का मतलब शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता करना बिलकुल नहीं है। उन्होंने बताया, ष्हमारे स्कूल में बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हमने क्षेत्र के सबसे योग्य और अनुभवी शिक्षकों की टीम चुनी है, जो बच्चों को आधुनिक और बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रही है। हमारा लक्ष्य केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। अभिभावकों के लिए बड़ी राहतरू 15 अप्रैल तक एडमिशन पूरी तरह श्फ्रीश कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी ने एक ऐसी घोषणा की, जिसे सुनकर पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने बताया कि शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से स्कूल प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि आज (25 मार्च) से लेकर 15 अप्रैल तक कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में सभी कक्षाओं के लिए श्एडमिशन बिल्कुल फ्रीश रहेंगे।



प्रवेश के लिए कोई भी एडमिशन चार्ज नहीं लिया जाएगा। इस घोषणा को कस्बा खीरी के गरीब तबके के लिए एक बड़े वरदान के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षकों और अभिभावकों का रहा भरपूर सहयोग रिपोर्ट कार्ड वितरण के इस शानदार कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और बच्चों की प्रगति तथा उनमें सुधार की गुंजाइशों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक, स्थानीय गणमान्य नागरिक और स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने स्कूल प्रबंधन के इस नेक कदम और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की जमकर सराहना की।

## मौसा पर किशोरी को बेचकर जबरन शादी कराने का आरोप, थाने में हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर–बिजनौर । रेहड़ थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने अपने मौसा पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि उसकी गरीबी का फायदा उठाकर मौसा ने उसे पैसों के लिए एक 35 वर्षीय व्यक्ति को बेच दिया और जबरन शादी करा दी। किशोरी के अनुसार 10 मार्च को उसका अपहरण कर नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव राजा का ताजपुर ले जाया गया, जहां हरिद्वार निवासी व्यक्ति के साथ मंदिर में उसकी शादी करा दी गई। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर वह धामपुर पहुंची और थाने में शरण ली। आरोप है कि इसी दौरान उसका मौसा अन्य लोगों के साथ थाने पहुंच गया और उसे जबरन ले जाने की कोशिश की, लेकिन शोर मचाने पर पुलिस ने उसे व अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। पीड़िता ने अपनी छोटी बहन को भी बेचने की आशंका जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना नूरपुर क्षेत्र की होने के कारण केस वहां स्थानांतरित किया जा रहा है।

## मशाल जुलूस के साथ शहीद मेले का समापन, युवाओं ने लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

नांगलसोती–बिजनौर । नौजवान भारत सभा और स्त्री मुक्ति लीग की ओर से आयोजित शहीद मेले का समापन सोमवार देर शाम मशाल जुलूस के साथ हुआ। इस दौरान युवाओं ने शहीद भगत सिंह के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान से निकले मशाल जुलूस में "भगत सिंह तुम जिंदा हो३" और "भगत सिंह का जो ख्वाब अधूरा३" जैसे नारे गूंजते रहे। नौजवान भारत सभा के अपूर्व मालवीय ने युवाओं को सच्चाई, न्याय और ईमानदारी के रास्ते पर चलने की शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता चौ. हेमेंद्र सिंह ने कहा कि शहीदों की शहादत गर्व का प्रतीक है, जो हमें साहस और त्याग की प्रेरणा देती है। वहीं कविता .ष्णपल्लवी ने युवाओं से शहीदों के सपनों का भारत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान चार्ली चौप्लिन की फिल्म द मॉडर्न टाइम्स भी दिखाई गई। मशाल जुलूस विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए संपन्न हुआ। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

## चौथे दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम ओंकारेश्वर मंदिर प्रांगण में सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो



लहरपुर सीतापुर । राष्ट्रीय सेवा योजना छ्ैै. के 7 दिवसीय विशेष शिविर में आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज के स्टाफ द्वारा चौथे दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया जिसमें स्वयंसेवक सेविकाओं ने ओंकारेश्वर मंदिर प्रांगण में अनेक वृक्ष लगाए जिसमें गूलर बरगद ए समी तुलसी अशोक के वृक्ष लगाए गए वृक्षारोपण से संबंधित स्वयं सेवक सेविकाओं ने अनेक नारे लगाए वृक्षों की जब करेंगे रक्षा तभी बनेगा जीवन अच्छा पेड़ों की रक्षा धरती की सुरक्षा धरती करें यही पुकार हरा भरा कर दो संसारपेड़ लगाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने पेड़ पौधों से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा स्वयं सेवक सेविकाओं को तुलसी नीम पीपल तथा स्वच्छ वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को लगाने के लिए प्रेरित किया मंदिर में कई प्रकार के वृक्ष लगाए गए जिससे मंदिर का सौंदर्य तथा शुद्ध वायु प्राप्त होगी तथा वातावरण शुद्ध होगा इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक सेविकाओं ने मनोरंजन संबंधी गीत भी प्रस्तुत किया सहायक अध्यापिका नीता सिंह ने बच्चों को विभिन्न वृक्षों के विषय में जानकारी दी और वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया .ष्ण चंद्र द्विवेदी द्वारा वनों पर आधारित गीत एवं कविताएं बच्चों को सुना कर वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया रमेश चंद्र मिश्रा ने वृक्षारोपण संबंधी अनेक नई जानकारियां प्रदान की तथा वृक्षलगाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने वृक्षारोपण करवा कर मंदिर परिसर गांव विद्यालय परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए स्वयं सेवक सेविकाओं को विभिन्न प्रकार की जानकारी से अवगत कराया।

## उसिया ग्राम सभा मे राजस्व विभाग पंचायत विभाग कृषि विभाग संयुक्तरूप से कैम्प लगाया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील सेवराई के अंतर्गत उसिया मे राजस्व विभाग पंचायत विभाग एवं .षि विभाग के समस्त कर्मचारी गण संयुक्त रूप से कैंप लगाकर गांव में किसान रजिस्ट्री का कार्य कर रहे हैं इसी क्रम में ग्राम सभा उसियां में .षि विभाग राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के द्वारा किसानों को जागरुक करते हुए उनका किसान रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है बिना किसान रजिस्ट्री के किसानों को आने वाले समय में खाद बीज एवं किसानों से संबंधित किसी भी योजना का लाभ नहीं



मिलेगा इसलिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है फार्मर रजिस्ट्री का तात्पर्य है कि किसानों के आधार नंबर से उनके समस्त खेतों एवं खसरा संख्या को जोड़ा जा रहा है जिसका एक अलग से किसान गोल्ड कार्ड भी बनकर आ रहा है जो कि किसानों का एक अपना अलग पहचान पत्र साबित होगा। इसी क्रम में विकासखंड भदौरा के समस्त गांव में रोजगार सेवक लेखपाल .षि विभाग के कर्मचारी कोटेदार ग्राम प्रधान आदि सभी लोगों की संयुक्त टीम बनाई गई है जिसमें जन सेवा केंद्र के कर्मचारी भी शामिल हैं पूरे प्रदेश में इसे एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य है सत प्रतिशत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री किया जा सके। समस्त किसान मित्र इस फार्मर रजिस्ट्री कराकर गोल्ड कार्ड बनवा लें।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।

नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# जिला प्रशिक्षण संस्थान बांदा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, महिला स्वयं सहायता समूह एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में एकदिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जिलाधिकारी महोदया,श्रीमती जे०रीभा० बांदा के निर्देशन, एवं अपर जिलाधिकारी (विध्रा०) कुमार धर्मेन्द्र के मार्गदर्शन में जिला प्रशिक्षण संस्थान बांदा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण प्रातःदस बजे जिला आपदा विशेषज्ञ डा प्रभाकर सिंह जी के मां सरस्वती पर द्वीप प्रज्ज्वलित करने के साथ प्रारम्भ हुआ। इस प्रशिक्षण में एस एच जी, एन आर एल एम, शिक्षा विभाग, .षि विभाग , स्वास्थ्य कर्मी, आशा, आंगनबाड़ी कार्य कर्ती, बाल पुष्टाहार विभाग से महिला कार्यकर्तियों, राजस्व लेखपाल, नायब तहसील दार, बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों, आदि कर्मचारी,अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण को प्रमुखतया पांच चरणों में सम्पन्न किया गया। प्रथम चरण पर आपदा एस आर जी राजेश कुमार ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की आपदाओं पर चर्चा किया तथा द्वितीय चरण में डिप्टी सीएम ओ डा मुकेश पहाड़ी जी आपदा एवं आपदा प्रबंधन पर प्रकाश डाला। तथा एस एच जी,स्वास्थ्य कर्ती, आंगनबाड़ी महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। फिर चन्द्र सेन सिंह ने आपदा के कारक, आपदा की पृकति, तथा आपदा पूर्व प्रबंधन तथा आपदा उपरांत प्रबंधन पर जागरूक किया। मध्यावकाश के उपरांत अग्नि विभाग से कुलदीप सिंह ने अग्नि आपदा के बारे में वृहद चर्चा किया तथा अग्नि को बुझाने हेतु सिलेंडर का उपयोग विद प्रेक्टिकल करवाया। प्रशिक्षण के समापन चरण में आपदा अनुदान की जनहानि, पशु हानि, फसल क्षति के उपरांत मुवावजे की जानकारी भी जिला आपदा विशेषज्ञ डा प्रभाकर सिंह द्वारा दी गई, प्रशिक्षण के आउटपुट, तथा फीडबैक भी प्रतिभागियों का चन्द्र सेन सिंह द्वारा लिया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें आपदाओं के प्रति शून्य सहनशीलता(मतव जवसमतंदबम) की नीति पर काम करने का संकल्प लिया गया।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति (DLRC) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। जनपद स्तरीय समीक्षा समिति (क्स्त्ब्) की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार, बाँदा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में नाबार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि के साथ मुख्य विकास अधिकारी, बाँदा, जनपद के सभी बैंक जिला समन्वयक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु बैंकों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैंकों को सीडी अनुपात में वृद्धि करने के साथ–साथ वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैंक में बढ़ते हुए एनपीए ऋण को कम करने हेतु जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देश दिए कि, सम्बंधित तहसीलों में तहसीलदार एवं एसडीएम से समन्वय स्थापित करते हुए वसूली प्रमाण पत्रों में प्रगति लायें। विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (ज्ञब्) फसली ऋण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन, स्वयं सहायता समूह को सीसीएल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र ऋण योजनाओं, प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं जन सुरक्षा योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की गई। जिलाधिकारी महोदय ने बैंकों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु और अधिक प्रयास करें तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से स्वरोजगार योजनाओं एवं कमजोर वर्गों को ऋण वितरण पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। अग्रणी जिला प्रबंधक, रवि शंकर द्वारा जनपद में बैंकिंग उपलब्धियों एवं योजनाओं की वर्तमान स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा आगामी लक्ष्यों की जानकारी दी गई। अंत में, सभी बैंकों एवं विभागों से समन्वय स्थापित कर जनपद में वित्तीय समावेशन को और सु.ढ़ बनाने पर जोर दिया गया।

# रिजर्व पुलिस लाइन में चल रहे गोरखपुर जोन की 13वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी (तीरंदाजी) महिलाध् पुरुष प्रतियोगिता वर्ष-2026 का सफल समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आज दिनांकः 25.03.2026 गोरखपुर जोन की 13वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी (तीरंदाजी) महिलाध् पुरुष प्रतियोगिता–2026 का आयोजन दिनांकरू 23.03.2026 से 25.03.2026 तक परेड ग्राउण्ड पुलिस लाइन बहराइच में सम्पन्न कराया गया। इसमें से 08 जनपदों (गोरखपुर, बस्ती, देवरिया, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, कुशीनगर, बहराइच) की टीमों ने भाग लिया। 08 जनपदों की टीमों में लगभग 81 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद बहराइच ने सर्वाधिक 304 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा जनपद कुशीनगर ने 153 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है व महिला वर्ग प्रतियोगिता में जनपद बहराइच ने सर्वाधिक 135 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा जनपद गोंडा ने 100 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में महिला व पुरूष वर्ग प्रतियोगिता की चल वैजयंती जनपद बहराइच ने प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक महोदय, बहराइच द्वारा खिलाड़ियों को अपने कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया। उ०प्र० पुलिस की अन्तर जोनल प्रतियोगिता माह अप्रैल–2026 के चतुर्थ सप्ताह में 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी में आयोजित होनी है, जिसमें गोरखपुर जोन की टीम को भाग लेने हेतु जोनल टीम का गठन कर लिया गया है जिसे समय से भाग लेने हेतु भेजा जायेगा।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) बहराइच श्री अशोक कुमार सिंह, उप सेनानायक (छेंळ), क्षेत्राधिकारी लाइन्सध्नगर श्री नारायण दत्त मिश्र, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह व पुलिस लाइन के अन्य सम्बन्धित स्टाफ मौजूद रहे।




# भरतपुर में खुशहाल जिन्दगी बसर करेंगे भरथापुर के विस्थापित परिवार

## -136 लाभार्थियों के खातों में पहुंची मुख्यमंत्री आवास की धनराशि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 25 मार्च। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मा. मंत्री .षिध्प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अपना दल एस गिरीश पटेल, जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी मनोज निषाद व जिलाध्यक्ष सुभासपा महामुनि राजभर के साथ 136 लाभार्थियों के खातों में रू. 1.20 लाख की दर से रू. 01 करोड़ 63 लाख 20 हजार की धनराशि तथा आवास के लिए प्रत्येक लाभार्थी को 748 वर्ग फिट के पट्टे तथा पात्रता के अनुसार आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, शौचालय आदि के स्वी.ति पत्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा. मुख्यमंत्री ने जनपदवासियों को बसंतीय नवरात्र व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री राम के जन्म दिन से ठीक एक दिन पूर्व भरथापुर वासियों के विस्थापन का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने भरथापुर के स्थान पर विकसित होने वाली कालोनी का नाम भरतपुर रखने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे ग्राम सेमरहना व भरथापुर के निवासी इस बात की मिसाल बनेंगे कि भाई से भाई का प्यार कैसा होता है। मा. मुख्यमंत्री जी ने जिलाधिकारी को मॉडल के अनुसार ही कालोनी विकसित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए अभियान संचालित कर शारदीय नवरात्रि से पूर्व निर्माण कार्य को पूरा कराया जाय ताकि ग्रामवासियों के गृह प्रवेश की शुभबेला के अवसर पर वह स्वयं भी साक्षी बन सकें। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े नहीं आयेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि दुरूह वनों तथा जलीय एवं जंगली जानवरों के बीच जिन्दगी गुजार कर बाहर आने वाले लोगों के लिए शिक्षा के साथ–साथ सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाये ताकि इनका परिवार भी तरक्की कर सके। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी छः वन ग्रामों टेड़िया, ढकिया, गोकुलपुर, बिछिया, भवानीपुर व महबूबनगर को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है। जिससे निवासरत परिवारों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद बहराइच महर्षि बालार्क की पावन साधना स्थली एवं महाराजा सुहेलदेव के शौर्य एवं पराक्रम की धरा है। उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों एवं वीर योद्धाओं का शौर्य एवं पराक्रम एक हजार वर्ष बाद भी हमसब को नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने सेवा एवं संवेदना के साथ कार्य करते हुए डबल इंजन की सरकार ने नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण किये है। मुख्यमंत्री ने



कहा कि जब सरकार सेवा एवं संवेदना के साथ कार्य करती है तो लोगों के आवास का सपना पूरा होता है, लोगों को आयुष्मान कार्ड, रोजगार, हाई–वे जैसी सौगात मिलती है तथा ऐसी शान्ति का माहौल होने से देश विदेश के निवेशक निवेश के लिए प्रदेश को तरजीह देते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सांस्ःतिक विभाग के लोक कलाकारों द्वारा पारम्परिक नृत्य के साथ मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया गया। जबकि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विस्थपित ग्राम के लिए प्रस्तावित लेआउट मॉडल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को मा. मंत्री .षिध्प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल व बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर ने सम्बोधित किया। जबकि ग्राम भरथापुरवासी मुन्ना लाल मौर्या ने अपने मन की बात करते हुए अनुभवों को साझा किया तथा संगीता व आरती ने मुख्यमंत्री को हल व धनुष बाण भेंट किया। मुख्यमंत्री ने भरथापुर ग्रामवासियों का कुशल क्षेम जाना, बच्चों को दुलार करते हुए चाकलेट भेंट किया तथा लाभार्थियों के साथ फोटो सेशन में शामिल होने के पश्चात कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम–भरथापुर नेपाल राष्ट्र के समीप गेरूआ व कौडियाला नदी के बीच में बसा कर्तनियाघाट वन्य अभ्यरण के अन्तर्गत एक राजस्व ग्राम है जहां पर आने–जाने के लिए मात्र नाव ही एक साधन है, प्रायः यहा पर वन्य जीवो जैसे बाघ, हाथी आदि जानवरों द्वारा फसले नष्ट करने के साथ ही छोटे बच्चों, महिलाओं पर हमला किया जाता है। हाथियों द्वारा घरों को उजाड़ दिया जाता है। जीवकोपार्जन की गांव में पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण गांव के 23 व्यक्ति 29 अक्टूबर 2025 को निकटतम स्थानीय बाजार से नाव पर सवार होकर सामान लेने गये थे जिसके उपरान्त वापस आने पर नाव पलटने कि घटना हो गई। जिसके क्रम में एसएसबी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमो द्वारा रेसक्यू करके 14 लोगो की जान बचाई गई तथा दुर्भाग्य से 09 लोगो की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जिलाधिकारी, बहराइच को पीडित व्यक्तियोंध्परिवार को हर सम्भव मदद दिये जाने का निर्देश दिया गया। तदोपरान्त मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा 02 नवम्बर 2025 को घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण करते हुए पीडित परिवारों से मिहींपुरवा में भेंट करके उनका हाल जाना गया। जिस पर ग्रामवासियों द्वारा मा. मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि ग्राम–भरथापुर में आने–जाने का कोई साधन नहीं है, बच्चों के चिकित्सा, शिक्षा आदि के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है प्रायः जगली जानवरों के हमलों का खतरा बना रहता है। इस पर मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा हर सम्भव मदद दिलाये जाने का आश्वासन देते हुए जिलाधिकारी बहराइच को निर्देश दिया गया कि पीड़ित परिवारों को सभी प्रकार की सरकारी सहायता प्रदान कराते हुए उनको पुर्नस्थापित किये जाने की अतिशीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित कराये। इसी क्रम में भरथापुर वासियों का वन विभाग द्वारा अभ्यारण्यों के अधिसूचित कोरध्महत्वपूर्ण बाघ प्रा.त्वास में निवासरत् व्यक्तियों को स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वास के हेतु वन स्वी.त धनराशि से विस्थापित होने वाले 118 हितग्राहियों को 15 लाख प्रति परिवार की दर से एवं उसकी निजी परिसम्पत्तियों यथा–.षि भूमि, मकान, कुंआ, हैण्ड पम्प एंव वृक्ष आदि के मूल्य के बराबर धनराशि मुआवजे के रूप में लगभग 21,55,55,851.00 (इक्कीस करोड़ पचपन लाख पचपन हजार आठ सौ इक्यावन रूपया) दिया गया है। नाव हादसे के प्रभावित परिवारों तथा गांव में निवासित अन्य परिवारों को ग्राम पंचायत–सेमरहना में पुर्नः स्थापित करने हेतु 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, प्रत्येक परिवार को शौचालय, आवास निर्माण हेतु भूमि का पट्टा स्वी.त किया गया है। जिसको कालोनी के रूप में बसाया जाना है। जिसमें सड़क, ग्रीन बेल्ट, नाली, सीसीमार्ग, एलईडी, स्ट्रीट लाइट, इण्टरलांकिग टाईल्स, वाटर सप्लाई, आदि अवसंरचनात्मक सुविधाओ आदि के साथ कालोनी के ही निकट राशन की व्यवस्था हेतु अन्नपूर्णा भवन का निर्माण, बच्चों की शिक्षा के .ष्टिगत स्थापित प्राथमिक विद्यालय में 01 अतिरिक्ति कक्ष एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निर्माण की स्वी.त किया गया है।

# सुशासन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगी सरकार के प्रयासों से बदली जिले की तस्वीर

## -कानून का राज हुआ कायम, मिशन शक्ति फेज-5 से टूटे परिवार जुड़े, अपराधी पस्त।

## -स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुआ सुधार, मातृ मृत्यु दर में आई भारी कमी।

## -शिक्षा के क्षेत्र में भी हुआ सुधार, कॉन्वेंट की तर्ज पर पढ़ेंगे गरीब के बच्चे।

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा तकनीक पारदर्शिता और कानून व्यवस्था पर दिए जा रहे विशेष जोर का असर अब बांदा जिले में धरातल पर दिखने लगा है। जिले में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए जहां लगातार कार्य किया जा रहा है तो वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी इसके बुनियादी ढांचे में सुधार के कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के सु.ढ़ीकरण को लेकर किये गए कार्यों से जिले के विकास को नई गति मिली है। कानून का राज हुआ कायम, मिशन शक्ति फेज–5 से टूटे परिवार जुड़े, अपराधी पस्त महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति फेज–5 के तहत बांदा पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। जनवरी के महीने तक जिले में इस अभियान के क्रम में 372 टूटे हुए परिवारों को आपसी समझौते के जरिए फिर से जोड़ा गया। वहीं 541 गुमशुदा लोगों की सकुशल बरामदगी करते हुए उन्हें उनके परिवारों से मिलाया गया है। वहीं महिला अपराधों के 93 मामलों में आरोपियों को सजा दिलाई गई है। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने 10 वर्षों से बंधुआ मजदूरी कर रहे नाबालिग बच्चों को मुक्त कराकर उनके परिजनों को सौंपा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुआ सुधार, मातृ मृत्यु दर में आई भारी कमी स्वास्थ्य के क्षेत्र में बांदा ने लंबी छलांग लगाई है। यहां पर सीएचसी, पीएचसी, सीएचसी सेंटर और जिला अस्पताल के सु.ढ़ीकरण से स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में मातृ मृत्यु दर घटकर प्रति लाख पर मात्र 99 रह गई है। वहीं संस्थागत प्रसव पर भी यहां जोर दिया गया है। जिसका परिणाम है कि पिछले 9 महीनों में ही लगभग 25000 सफल प्रसव सरकारी संस्थानों में हुए हैं। इसके अतिरिक्त इस साल बांदा जिले की 350 स्वास्थ्य चिकित्सा इकाइयों का कायाकल्प होना है। जिसमें कई इकाइयों का कायाकल्प हो चुका है। बड़ी बात यह है कि जिले की दो सीएचसी अतर्रा व जसपुरा में ऑपरेशन से डिलीवरी की भी सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा जिले में कुल 531064 आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड निर्मित किए जा चुके है एवं आयुष्मान वय वंदना योजनान्तर्गत (70 एवं 70 आयु) धारकों को 24000 आयुष्मान कार्ड निर्मित किये जा चुके हैं. इसके तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर मिलता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हुआ सुधार, कॉन्वेंट की तर्ज पर पढ़ेंगे गरीब के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए जिले में 1 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। यहाँ प्री–प्राइमरी से कक्षा 8 तक के बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों जैसी सुविधाएं और आधुनिक परिवेश मिलेगा। वहीं ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के भवनों का जीर्णोद्धार किया गया है। जिससे न केवल स्कूल सुंदर हुए हैं। बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और स्वच्छता में भी बड़ा सुधार आया है।

# अभय प्रताप सिंह ( प्रिंस) बनें भाजपा के नगर महामंत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) को नगर महामंत्री, भाजपा बाँदा नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) को नगर महामंत्री बनाए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी जन–जन तक अपनी नीतियों एवं योजनाओं को और प्रभावी ढंग से पहुँचाएगी। नवनियुक्त नगर महामंत्री अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र में विकास, जनसेवा और संगठन विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगे।

# अंडर 16/19 के ट्रायल मैच जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम बांदा में हुए आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से निर्धारित,सत्र 26ध्27,में होने वाले अंडर 14,16,19, 23,ओपन, महिला, आयु वर्ग के सभी वर्ग कार्यक्रम निर्धारित कर दियेज गये है फतेहपुर जोन के अंतर्गत, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट




एसोसिएशन बाँदा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अंडर 16 का ट्रायल मैच दिनांक 24ध्3ध्26 एवं अंडर 19 का ट्रायल मैच दिनांक 25ध्3ध्26 को आयोजित किया गया जिसमे टीम रेड के बल्लेबाज गिरीश पटेल 38,आनंद 87 शिवष्ठ 21 रनो के योगदान से टीम रेड नें 191 रनो का लक्ष्य दिया टीम ग्रीन के बॉलर वैभव यादव,पुष्पेंद्र,सुमित,सचिन राहुल सभी को एक–एक विकेट प्राप्त हुए लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ग्रीन के बल्लेबाज वैभव यादव नें सर्वधिक 11 रन बनाए और टीम ग्रीन 65 रन पर ऑल आउट हो गई टीम के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन आयुष सविता, हर्ष राज, यश श्रीवास्तव बल्लेबाजों का बहुत ही खराब प्रदर्शन रहा सिर्फ वैभव यादव 11 रन सर्वाधिक बना सके पूरी टीम 65 रन पर ऑल आउट हो गई टीम रेड के गेंदबाज कुशल दो विकेट, मान प्रजापति दो विकेट शिविष्ठ दो विकेट,शाहिद एक विकेट लिए टीम रेड ने यह मैच 86 रनों से जीत लिया यह मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रायल आयोजन सचिव क्रिकेट कोच श्री शिव प्रताप जी के मार्गदर्शन में हुआ सिलेक्शन मैच का उद्घाटन रेलवे जुडिशियल मजिस्ट्रेट श्री दिव्यकांत सिंह राठौड़ जी श्री ब्रजेन्द्र कुमार जी,क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी,बाँदा।,ब् बबेरू श्री सौरभ सिंह जी के द्वारा किया गया!! ट्रायल चयन समिति में क्रिकेट कोच श्री शिव प्रताप सिंह जी, मनोज मिश्रा जी महेंद्र कछवाह जी रहे है यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री वासिफ जमा जी ने बताया की अप्रैल के पहले सप्ताह में अंडर 16 क्रिकेट के खिलाड़ियों का कैंप लगाया जायेगा जिससे खिलाड़ियों की फिटनेस स्किल और उसकी मानसिक विकास का ग्रोथ करने एवं सभी प्रकार के स्किल का समावेश होगा और इसके बाद गर्ल्स बॉयज 23 एवं सीनियर अंडर 14 बॉयज अंडर 15 गर्ल्स के ट्रायल अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे इस मौके पर डीसीए अध्यक्ष धनंजय करवरिया, उपाध्यक्ष महेंद्र कछवाह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, अमूवरल अमीन अन्नू भाई, कमलेश राजपूत और डीसीए के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में लोकप्रिय जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा एक वर्षीय अध्यक्षीय कार्यकाल पूर्ण किए जाने को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कांग्रेस जनों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित का माल्यार्पण कर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवबली सिंह को कांग्रेस के प्रति की गई सेवाओं के फलस्वरूप माल्यार्पण कर सम्मान शाल उढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष




राजेश दीक्षित ने बतलाया कि ष्प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा मुझे तीसरी बार जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी विश्वास के साथ सौंपी गई है, मेरा दायित्व है कि मेहनत कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करना है, उन्होंने आगे बतलाया कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्राम पंचायत से लेकर जिले स्तर तक कमेटियों का गठन, एस आई आर पुनर्निरीक्षण, मतदाता सूची में पैनी निगाह रखकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस जनों द्वारा पूर्ण निष्ठा एवम् ईमानदारी से कार्य किया गया, साथ ही प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अनेक मूलभूत समस्याओं को लेकर धरना, प्रदर्शन व आंदोलन किए गए व जनपद के अन्दर ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से शासन व प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, अन्त में उन्होंने ने कहा कि मैं कांग्रेस जिलाध्यक्ष कम मुझे एक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाए, कांग्रेस मेरा परिवार है, प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेरे परिवार का सदस्य है, निरन्तर मुझे सबका सहयोग मिल रहा है, सदैव मैं सभी का आभारी रहूंगा। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, शहर अध्यक्ष अफसाना शाह,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन शुक्ला, जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, कालीचरण निगम, जितेन्द्र गौरव, अमित तिवारी, प्रवक्ता राममिलन पटेल,जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, बाबूराम यादव, रामकुमार सिंह, कालीचरण साहू, भइयालाल पटेल, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, अभिषेक मिश्रा, सुनील चौरसिया पिप्पी, युवा कांग्रेस नेता ईशू फैज खान, साद खान, रामगोपाल बाघा, छेदीलाल धुरिया, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामकिशोर द्विवेदी, सुखदेव गांधी, रफत खान, सेवकराम वर्मा, वीरेन्द्र धुरिया, अशोक वर्धन कर्ण, के पी सेन, इस्लाम भाई, शब्बीर सौदागर, भूपत सिंह, मेहंदी हसन, सोनू सौदागर, लालबाबू राजपूत, सैय्यद वारिस अली सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नवरात्रि के पावन पर्व पर केन मां को अर्पित की गई 100 फिट लंबी चुनरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को श्रद्धालुओं ने केन मां का विधि विधान के साथ आरती कार्यक्रम संपन्न किया। इस दौरान केन मां को 100 फिट लंबी चुनरी अर्पित की गई। मितेश कुमार ने बताया कि विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली केन आरती का कार्यक्रम कई वर्षों से लगातार अनवरत जारी है तथा समय समय पर केन नदी के प्रति लोगो को जागरूक किया जाता है साथ ही प्रत्येक पर्वो के मद्देनजर कई प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किया जाते है। इस दौरान समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि अभी नवरात्र का पर्व चल रहा है इसी के अंतर्गत आज के कार्यक्रम में केन मां को 100 फिट लंबी चुनरी अर्पित की गई है। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केन जल महाआरती कार्यक्रम को सफल बनाया तथा सभी को केन मां के अस्तित्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी लोगों ने केन मां को शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता शुक्ला अर्चना शुक्ला जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पी एन वर्मा संजय काकोनिया जिला प्रवक्ता जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक शुक्ला लोहा सिंह नगर अध्यक्ष ऋषभ कुमार विश्वकर्मा गौरव वर्मा आकाश



यादव विकास ठाकुर युवराज मयंक रजनीश प्रजापति मोहित वर्मा सौरभ सैनी राज वर्मा लवकुश प्रजापति सहदेव वर्मा .ष्ण कुमार सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में उप निरीक्षक रविंद्र कुमार निषाद का निधन

## –पुलिस में शोक की लहर, सरल स्वभाव के लिए थे लोकप्रिय

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जनपद में तैनात उप निरीक्षक रविंद्र कुमार निषाद का एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पुलिस विभाग एवं क्षेत्रीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। रविंद्र कुमार निषाद अपने सौम्य एवं मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने इटावा में अपने कार्यकाल के दौरान थाना कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड चौकी के साथ–साथ तकिया चौकी इंचार्ज के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न थानों में चौकी इंचार्ज के पद पर रहते हुए अपनी सेवाएं दीं। अपने कर्तव्यनिष्ठ एवं व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के कारण वे सहकर्मियों और आमजन के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके आकस्मिक निधन से पुलिस महकमे ने एक कर्मठ, ईमानदार और कर्तव्यपरायण अधिकारी को खो दिया है। शोक संतप्त परिवार के प्रति सभी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

# विमलेश श्रीवास्तव बने उद्योग व्यापार मंडल के जिला सचिव

## –कोतवाली प्रभारी का हुआ सम्मान, व्यापारियों की एकजुटता पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में चौरसिया की बगिया स्थित विमलेश श्रीवास्तव के आवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह का व्यापार मंडल एवं भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डॉ. विनोद शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन सदैव संघर्षरत रहा है और आगे भी पूरी मजबूती से कार्य करता रहेगा। मुख्य अतिथि यशवंत सिंह ने कहा कि व्यापारी समाज देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि व्यापारियों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विमलेश श्रीवास्तव को प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल का जिला सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी एडवोकेट, वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी रनवीर सिंह राजावत, के.के. त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, जोगेंद्र सिंह, एस.के. शर्मा, नीरज गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, रनवीर सिंह चौहान, राजेश तिवारी, प्रदीप गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह में उपस्थित व्यापारियों ने नवनियुक्त जिला सचिव विमलेश श्रीवास्तव को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। अंत में संगठन के संरक्षक डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन व्यापारियों में एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ाते हैं।

# कु. सोनम बनीं एक दिन की जिलाधिकारी, बेटियों को मिला सम्मान

## –मिशन शक्ति अभियान में बेटियों को आगे बढ़ने का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। 25 मार्च 2026। वासंतिक नवरात्र के अवसर पर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र इटावा की छात्रा कु. सोनम को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया गया। इस पहल के माध्यम से बेटियों को सम्मान और प्रोत्साहन दिया गया। एक दिन की जिलाधिकारी बनीं सोनम ने कहा कि वह अपने इस सपने को साकार करने के लिए पूरी मेहनत करेंगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1090 महिला हेल्पलाइन संचालित हैं, जिनका उपयोग हर बहन–बेटी को करना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि "मिशन शक्ति" के तहत बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर बेटियां हर क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, प्रधानाचार्या वंदना सहित अन्य अधिकारी एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।


## सूबेदारगंज-बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04125/04126 सूबेदारगंज - बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 04125 | | | गाड़ी संख्या - 04126 | |
|---|---|---|---|---|
| सूबेदारगंज - बान्द्रा टर्मिनस | | | बान्द्रा टर्मिनस - सूबेदारगंज | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 05:20 | सूबेदारगंज | 17:00 | ..... |
| 06:35 | 06:37 | फतेहपुर | 13:58 | 14:00 |
| 08:00 | 08:05 | गोविन्दपुरी | 12:50 | 12:55 |
| 09:48 | 09:50 | इटावा | 09:23 | 09:25 |
| 11:50 | 11:55 | टूण्डला | 08:00 | 08:05 |
| 12:35 | 12:40 | ईदगाह | 06:55 | 07:00 |
| 13:18 | 13:20 | फतेहपुर सीकरी | 05:49 | 05:51 |
| 13:34 | 13:36 | रूपबास | 05:33 | 05:35 |
| 14:43 | 14:45 | बयाना | 05:03 | 05:05 |
| 15:40 | 15:45 | गंगापुर सिटी | 03:30 | 03:35 |
| 16:28 | 16:30 | सवाई माधोपुर | 02:40 | 02:42 |
| 17:45 | 17:50 | कोटा | 01:20 | 01:25 |
| 21:45 | 21:55 | रतलाम | 21:25 | 21:30 |
| 01:45 | 01:55 | वडोदरा | 16:37 | 16:45 |
| 03:36 | 03:39 | सूरत | 14:31 | 14:34 |
| 06:56 | 06:58 | वापी | 13:10 | 13:12 |
| 08:39 | 08:42 | बोरीवली | 11:35 | 11:38 |
| 09:30 | ..... | बान्द्रा टर्मिनस | ..... | 11:15 |

• **सूबेदारगंज से** गाड़ी संख्या 04125, प्रत्येक सोमवार, **दिनांक** : 06.04.2026 से 13.07.2026 तक • **बान्द्रा टर्मिनस से** गाड़ी संख्या 04126, प्रत्येक मंगलवार, **दिनांक** : 07.04.2026 से 14.07.2026 तक

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 04, स्लीपर श्रेणी : 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 01, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी : 04

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 660/26(AS)


# अंधविश्वास छोड़ें, विज्ञान अपनाएं अतुल कुमार सिंह

## -जिला विज्ञान क्लब के कार्यक्रम में बच्चों ने ली वैज्ञानिक सोच की शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब इटावा के संयोजन में जन सहयोगी इंटर कॉलेज मोढ़ी, भरथना में अंधविश्वास के विरुद्ध एक भव्य वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने सामाजिक अंधविश्वास के विभिन्न मुद्दों पर वैज्ञानिक .ष्टिकोण अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने अतिथियों एवं रिसोर्स पर्सन का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि अतुल कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए समाज से अंधविश्वास और कुरीतियों को समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घटना के पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों को समझना ही सच्ची प्रगति का आधार है। प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को अंधविश्वास से दूर रहने और वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वन्यजीव विशेषज्ञ एवं सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी ने सर्पदंश के समय आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं उससे जुड़े अंधविश्वासों पर प्रकाश डाला। मनीष सहाय ने अंधविश्वास से बचाव, प्रदीप कुमार ने विज्ञान के चमत्कार, ऋषभ त्रिवेदी एवं आदित्य पोरवाल ने सामाजिक कुरीतियों पर वैज्ञानिक .ष्टिकोण, जबकि अवनींद्र जादौन, मनोज कुमार, भोले कुमार, रणवीर सिंह एवं आशुतोष ने विज्ञान और जादू से जुड़े भ्रमों का वैज्ञानिक तरीके से निराकरण किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने नाटक, भाषण, मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र–छात्राएं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री .ष्ण, जिला स्काउट सचिव रविन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सर्वेश कुमार चतुर्वेदी, शिक्षक मनोज कुमार, वीरेंद्र कमल, रणवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. मुकेश यादव ने क्लब के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अगला कार्यक्रम 28 मार्च को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में आयोजित किया जाएगा।



# अंधविश्वास के खिलाफ जागा इटावा, छात्रों ने ली वैज्ञानिक सोच की शपथ

## -विकसित भारत के लिए विज्ञान अपनाना जरूरीः अतुल कुमार सिंह।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब इटावा के संयोजन में जन सहयोगी इंटर कॉलेज मोढ़ी, भरथना में अंधविश्वास के विरुद्ध भव्य वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने सामाजिक अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक .ष्टिकोण अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने सभी अतिथियों एवं रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए अतुल कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए समाज में व्याप्त अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर घटना के पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों को समझना ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को अंधविश्वास से दूर रहने और वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वन्यजीव विशेषज्ञ एवं सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी ने सर्पदंश के समय आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं उससे जुड़े अंधविश्वासों की जानकारी दी। मनीष सहाय ने अंधविश्वास से बचाव, प्रदीप कुमार ने विज्ञान के चमत्कार, ऋषभ त्रिवेदी एवं आदित्य पोरवाल ने सामाजिक कुरीतियों पर वैज्ञानिक .ष्टिकोण प्रस्तुत किया। वहीं अवनींद्र जादौन, मनोज कुमार, भोले कुमार, रणवीर सिंह एवं आशुतोष ने विज्ञान और जादू से जुड़े भ्रमों का वैज्ञानिक तरीके से निराकरण किया। छात्र जितेंद्र एवं अमन ने भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने नाटक, भाषण, मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र–छात्राएं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री .ष्ण, जिला स्काउट सचिव रविन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सर्वेश कुमार चतुर्वेदी, शिक्षक मनोज कुमार, वीरेंद्र कमल, रणवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. मुकेश यादव ने क्लब के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अगला कार्यक्रम 28 मार्च को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में आयोजित किया जाएगा।

# सघन चेकिंग अभियान में पुलिस की सख्ती, ढाई लाख के चालान

## -नियम तोड़ने पर दो डीसीएम सीज, 'क्रिटिकल केयर टीम' का गठन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर–इटावा। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने बड़े स्तर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में पुलिस की सख्ती साफ नजर आई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ढाई लाख रुपये से अधिक के चालान काटे गए, जबकि गलत दिशा में चल रही दो डीसीएम वाहनों को सीज कर दिया गया। मुख्य चौराहों, व्यस्त मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म लगी गाड़ियों और गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने मौके पर ही चालान करने के साथ–साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया। भीषण गर्मी और भारी ट्रैफिक के बावजूद पुलिसकर्मियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। उनकी सक्रियता से आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है और यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी ने बताया कि यह अभियान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को शून्य स्तर तक लाना है। उन्होंने कहा कि सख्ती के साथ–साथ जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक ललित चतुर्वेदी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय "क्रिटिकल केयर टीम" का गठन किया गया है, जो सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार और राहत उपलब्ध कराएगी। पुलिस ने वाहन चालकों को चेतावनी दी है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



# विमलेश श्रीवास्तव बने उद्योग व्यापार मंडल के जिला सचिव

## -कोतवाली प्रभारी का हुआ सम्मान, व्यापारियों की एकजुटता पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में चौरसिया की बगिया स्थित विमलेश श्रीवास्तव के आवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह का व्यापार मंडल एवं भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डॉ. विनोद शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन सदैव संघर्षरत रहा है और आगे भी पूरी मजबूती से कार्य करता रहेगा। मुख्य अतिथि यशवंत सिंह ने कहा कि व्यापारी समाज देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि व्यापारियों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विमलेश श्रीवास्तव को प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल का जिला सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी एडवोकेट, वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी रनवीर सिंह राजावत, के.के. त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, जोगेंद्र सिंह, एस. के. शर्मा, नीरज गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, रनवीर सिंह चौहान, राजेश तिवारी, प्रदीप गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह में उपस्थित व्यापारियों ने नवनियुक्त जिला सचिव विमलेश श्रीवास्तव को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। अंत में संगठन के संरक्षक डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन व्यापारियों में एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ाते हैं।



# पाइपलाइन फटने से गुलाबवाड़ी में तीन दिन से जल संकट

## -ढाई हजार लोग परेशान, नवरात्रि में बढ़ी मुश्किलें

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर–इटावा। नगर के मोहल्ला गुलाबवाड़ी में नगर पालिका की पानी सप्लाई पाइपलाइन फट जाने से पिछले तीन दिनों से भीषण जल संकट बना हुआ है। इस समस्या से तीन वार्डों के करीब ढाई हजार लोग प्रभावित हैं। नवरात्रि के चलते सुबह के समय पानी की अधिक आवश्यकता होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय सभासद शेष कुमार उर्फ बिल्लू यादव व अन्य लोगों ने बताया कि पाइपलाइन फटने के कारण पश्चिमी और दक्षिणी गुलाबवाड़ी, अहीर टोला समेत कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। लगातार शिकायत के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रीय निवासी संतोष कुमार, शंकर, रामशंकर, सुनीता, बबीता, भावना और श्यामादेवी ने बताया कि पानी की किल्लत के चलते उन्हें समरसेबल लगे घरों से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं बिजली बिल बढ़ने के डर से कई लोग पानी देने से कतरा रहे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। अधिशासी अधिकारी श्यामवचन सरोज ने बताया कि जल विभाग की टीम पाइपलाइन की मरम्मत में जुटी हुई है और जल्द ही पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। मौके पर सभासद प्रमोद कुमार, कमल प्रकाश, संजय कुमार, सभासद प्रतिनिधि हेमू शाक्य, मोनू शर्मा, अंकित कुमार, पालिका सुपरवाइजर विनय कुमार सागर और सफाई निरीक्षक लाल कुमार यादव की मौजूदगी में कार्य कराया जा रहा है।



# जिलाधिकारी ने सीडी रेशियो सुधारने के दिए सख्त निर्देश

## –जिलाधिकारी ने ;ण वितरण बढ़ाने व योजनाओं में सक्रियता पर दिया जोर।

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। 25 मार्च 2026। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकों के क्रेडिट–डिपॉजिट (सीडी) रेशियो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सरकारी बैंकों का सीडी रेशियो 44.70, निजी बैंकों का 95.56 तथा कुल वाणिज्यिक बैंकों का 52.32 प्रतिशत पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद से जमा धन के अनुपात में ऋण वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैंकों को विशेष कैंप लगाकर ऋण वितरण बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि छोटी–छोटी योजनाओं में नियमित स्वी.ति से लक्ष्य आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। बैठक में एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने बैंक सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं और एटीएम में सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम तथा सुरक्षा गार्ड की अनिवार्यता पर जोर दिया। शस्त्रधारी गार्डों का सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए गए। साइबर सुरक्षा पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि जनपद में पिछले एक वर्ष में करीब 7 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई, जिसमें से लगभग 2.5 करोड़ रुपये की धनराशि वापस कराई गई है। उन्होंने इसे "डिजिटल डकैती" बताते हुए कहा कि 1930 हेल्पलाइन पर त्वरित सूचना देने से रिकवरी की संभावना बढ़ती है। उन्होंने सभी बैंकों को 1930 हेल्पलाइन नंबर का बोर्ड प्रदर्शित करने और ग्राहकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में एलडीएम सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के दिए निर्देश

## -सीएमओ डॉ. बृजेन्द्र कुमार के साथ समीक्षा, शत-प्रतिशत लक्ष्य पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। 25 मार्च 2026। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को पंचायत भवनों में बुलाकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। यह कार्य सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सायंकालीन कैंप आयोजित कर 5 से 7 दिनों तक लगातार अभियान चलाया जाए। साथ ही जो आईडी बनी हुई हैं लेकिन सक्रिय नहीं हैं, उन्हें तत्काल सक्रिय कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 46,000 अंत्योदय कार्डधारक हैं, जिनमें से 45,000 सक्रिय हैं, जबकि लगभग 33,000 बच्चों को योजना से जोड़ा जाना शेष है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोटेदारों की दुकानों पर पंचायत सहायकों की उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, जिससे राशन लेने आने वाले लाभार्थियों को तुरंत लाभ मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने, तिथियों का निर्धारण करने तथा नियमित ऑनलाइन समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही माइक्रो प्लान तैयार कर समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया। कोटेदारों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन कम से कम 5 आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वर्तमान प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि तत्काल सुधार लाकर ठोस कार्ययोजना के साथ प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, एडीपीआरओ रोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सपुर के समीप मंगलवार की शाम रेलवे लाइन पार करते समय 60 वर्षीय वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बक्सपुर गांव निवासी स्व0 शिवनरायन का पुत्र धर्मपाल मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे खेत की ओर जा रहा था। तभी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# पीएम सूर्य घर योजना से जगमगाएंगे घर

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सिविल लाइन स्थित वीआईपी रोड राम जानकीपुरम में फौजियंस सोलर प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन–पूजन से किया गया, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि भाजपा के मलवां मंडल प्रभारी स्वरूप राज सिंह जूली ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन किया। सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता की ओर कदम उद्घाटन के अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर लालता प्रसाद मिश्रा एवं



दलजीत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फौजियंस सोलर पर पीएम सूर्य घर योजना के तहत विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। डायरेक्टर ने कहा कि सौर ऊर्जा आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने सौर ऊर्जा अपनाएं, बिजली बचाएं का नारा देते हुए बताया कि उपभोक्ता बिना किसी डाउन पेमेंट के सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं संस्थान द्वारा आसान लोन सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे न केवल बिजली के भारी–भरकम बिलों से मुक्ति मिलेगी, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा और ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में भी जनपद एक मिसाल बनेगा। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष हरिशंकर सिंह चौहान सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# छत से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर रिश्तेदारी में 35 वर्षीय युवक बुधवार की सुबह छत से गिरकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना मरका गांव गोडा निवासी कामता प्रसाद का पुत्र अनिल कुमार रिश्तेदारी में विजयीपुर गांव आया था। बताते है कि बुधवार की सुबह किसी काम से छत पर आया था। तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उधर परिजन अपने निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के अर्न्तगत टेक्सारी रोड़ में तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। बताते चले कि खागा कोतवाली क्षेत्र के नरियनपुर निवासी प्रेम सिंह का 30 वर्षीय पुत्र बच्ची लाल तीन दिन पूर्व बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी टेक्टसारी रोड़ में सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# विधायक ने पॉली क्लीनिक का किया शुभारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। षहर के पार्षद चौराहा में चित्रकूट सेवा संघ ट्रस्ट चौरिटेबल पॉली क्लीनिक का शुभारंभ अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ0 आरके गुप्ता, डॉ0 मुकेश शर्मा, डॉ पूजा शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि उनके यहां आंखों की जांच, दांतों की जांच के साथ आयुर्वेदिक इलाज भी किया जाएगा। जहां पर आधुनिक मशीनों से आंखों के साथ–साथ दांतों की जांच होगी और आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर आरके गुप्ता,



डेंटिस्ट डॉक्टर मुकेश शर्मा व आयुर्वेदिक इलाज डॉक्टर पूजा शर्मा के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान इन लोगों ने बताया कि अब लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है अपने ही शहर में एक ही स्थान पर उचित इलाज संभव है। इस अवसर पर मीना गुप्ता, शिव प्रकाश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, शशिबाला, अजय गुप्ता, सनी सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह चौहान, भानु, रितेश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर हो रहे निर्माण पर रोक लगाने के लिए डीएम से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। सदर तहसील अंतर्गत ग्राम सूबेदार का पुरवा अजगवां में ग्राम सभा की नई परती दर्ज गाटा संख्या–69 पर अवैध कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुचे जहा षिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि मनोज गांधी द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनोज गांधी प्रधान के साथ सांठ–गांठ कर सरकारी जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहा है। प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि पर पूर्व में कच्ची सड़क का निर्माण कराया गया था, जिसे भी मनोज गांधी ने अपने कब्जे में ले लिया है। बुधवार को जब ग्रामीणों ने अवैध निर्माण रोका तो मनोज गांधी ने उन्हें जान से मारने और दोबारा



हस्तक्षेप करने पर अंजाम भुगतने की खुली धमकी दे दी। ग्रामीणों का कहना है कि मनोज गांधी भाजपा नेता है। क्षेत्रीय नेताओं के करीबी संपर्क में रहता है, जिसके चलते वह बेखौफ होकर सरकारी संपत्ति पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि ग्राम सभा की भूमि अवैध कब्जा होने से बचाई जाए। उन्होंने जिलाधिकारी, एसडीएम और संबंधित अधिकारियों से अवैध कब्जा हटाने, निर्माण कार्य रुकवाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। स्थानीय स्तर पर इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैला हुआ है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की जा रही है। यदि समय रहते अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो ग्रामीण बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने राजस्व अभिलेखों की जांच कर गाटा–69 पर अवैध निर्माण तुरंत रोकने और कब्जा हटाने की मांग की है। मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की अपील की गई है। इस मौके पर राज सिंह, होरीलाल, अरविन्द, मुकेष, मयंक, नीरज ताराचन्द्र, पंकज धनराज, दिनेष विनोद आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम व सीडीओ ने आईटीआई मेला का किया निरीक्षण

## -आम जनमानस तक पहुँचे सरकार की योजनाओं का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। प्रदेश सरकार नो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में किये गये विकास कार्यो की जानकारी आम जनता तक पहुचाने एव लाभदायक योजनाओं का प्रचार प्रसार आम जन तक पहुचाने के उद्देश्य से आईटीआई परिसर में लगे नौ दिवसीय मेला का जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना द्वारा मेला का अवलोकन किया गया इस दौरान मेले में लगे स्टालों का जायजा लिया। कहा कि मेले में आने वाले आम जन मानस को योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। मेले में उद्यान, .षि, आयुष विभाग, दिव्यांग, पशुपालन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण, रेशम, उद्योग, बैंक, सिंचाई, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं हेल्पलाइन नंबर (1098, 181, 1090, 1076, 112, 1930) आदि के स्टालों के माध्यम से आम जन मानस को



सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा नामित सांस्.तिक दलों द्वारा प्रदेश सरकार के 09 वर्ष में किए गए कार्यों, योजनाओं, उपलब्धियों, निर्णयों आदि को लोकगीत, नाटक विधा के माध्यम से लोगों को जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक संपूर्णता अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के 112 आकांक्षी जिलों एवं 500 आकांक्षी विकासखंडों में 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्रीय संकेतकों (प्रत्येक स्तर पर 6–6 संकेतक) में पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करना था। यह अभियान बहुआयामी सामाजिक विषयों जैसे स्वास्थ्य, पौषण, .षि, सामाजिक विकास एवं शिक्षा पर केंद्रित रहा। अभियान के अंतर्गत आकांक्षी जनपद फतेहपुर एवं आकांक्षी विकास खंड हथगाम में भी अपेक्षित गतिविधियर्थी का निष्पादन करते हुए निर्धारित संकेतकों की पूर्ति हेतु सतत प्रयास किए गए। जनपद स्तर पर कुल 06 संकेतकों का संतृप्तिकरण अपेक्षित था, जिसमें से 06 संकेतकों में जनपद फतेहपुर द्वारा पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की गई। वहीं विकासखंड स्तर पर निर्धारित 06 संकेतकों में से 06 संकेतकों में आकांक्षी विकास खंड हथगाम द्वारा पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की गई है, जो जनपद एवं विकास खंड की उल्लेखनीय उपलब्धि है। डीएम व सीडीओ द्वारा 08 मानसिक मंदित बच्चों को पढ़ने के लिए एमआर किट, 05 एएनएम, 05 स्टाफ नर्स, 10 टीबी के मरीजों को पोषण पोटली, 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों (बाल विकास परियोजना हथगाम), पशु टीकाकरण में 13 मैत्री/पैरावेट, बेसिक शिक्षा विभाग के 07 बालिका शौचालय में अच्छा कार्य करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, एलडीएम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डिप्टी सीएमओ, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक चुनाव संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) का वार्षिक चुनाव अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक वातावरण में



सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। बुधवार कों जिला संरक्षक तरुण कुमार प्रधानाचार्य के अध्यक्षता में एवं प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा, प्रदेश आय–व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष अटेवा राकेश सिंह की उपस्थित में संगठन की मजबूती एवं शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट का चुनाव सम्पन्न कराया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार (जनता इंटर कॉलेज, छिवलहा) को चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम गौतम, पंकज, महामंत्री दिनेश कुमार सैनी, आय व्यय निरीक्षक राम बाबू मौर्य, आदि महत्वपूर्ण पदों पर योग्य एवं सक्रिय शिक्षकों का चयन किया गया। चुनाव पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसे उपस्थित शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम में प्रयागराज से विशेष रूप से पहुंचे जिला मंत्री डीपी यादव एवं मंडलीय मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने अपने संबोधन में संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों के अधिकारों, सम्मान एवं सेवा सुरक्षा के लिए संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नव–निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर अमित कुमार, सत्येंद्र पटेल, सुरेंद्र सिंह यादव, दीपक यादव, दिवाकर यादव, दीपक सिंह, अर्पित सचान, हीरालाल वीरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, श्याम सुंदर गुप्ता, गोविंद पाल सुनील कुमार, विक्रम सिंह रामबाबू मौर्य, विपिन कुमार, राम दर्शन, नीलम गौतम, तरुण कुमार सिंह, विपिन गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि संगठन के प्रति शिक्षकों में गहरी आस्था एवं विष्वास है। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक एकता का माहौल देखने को मिला। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने सभी नव–निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं तथा यह संकल्प लिया गया कि माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) को और अधिक सशक्त बनाते हुए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया जाएगा।

# मनाई गई पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 95वीं पुण्यतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जिला पत्रकार एसोसिएशन संघ के पत्रकार साथियों ने अमर शहीद, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार पुरोधा पण्डित गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 95वीं पुण्यतिथि जनपद के बिन्दकी तहसील के बकेवर कस्बे में एक गेस्ट हाउस में मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रियंका अग्रवाल उप जिलाधिकारी बिन्दकी व अजय सिंह भदौरिया अध्यक्ष जिला पत्रकार एसोसिएशन संघ फतेहपुर ने दीप प्रज्वलन कर विद्यार्थी जी की फोटो में माल्यार्पण कर किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कामता तिवारी ने किया और जिला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमलेश त्रिवेदी ने संचालक की भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को रोचक बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रियंका अग्रवाल उप जिला अधिकारी बिंदकी ने विद्यार्थी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा कहा कि बुराई को दूर करने और समाज में सृजनात्मक भावना बढ़ाने में पत्रकारिता अहम हिस्सा है।अन्य वक्ताओं रवीन्द्र त्रिपाठी, अरुण द्विवेदी आदि सभी पत्रकार साथियों को निष्पक्ष पत्रकारिता करने के गुण सिखाई गए। कार्यक्रम में करीब एक सैकड़ा पत्रकार साथियों के साथ समाजसेवियों, डॉक्टर, शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें समाज में अच्छे कार्य कर रहे लोगों व पत्रकार साथियों को सम्मानित किया गया। अंत में जलपान कर कार्यक्रम का समापन




किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदर, खागा, बिन्दकी तहसील के पत्रकार साथियों के साथ साथ अन्य पत्रकार साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा अपने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय सिंह भदौरिया अध्यक्ष, वसीम अख्तर संरक्षक, विमलेश त्रिवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष , रईस उद्दीन उपाध्यक्ष, अवनीश सिंह चौहान मंत्री, धीरेन्द्र वाजपेई खागा तहसील अध्यक्ष, निरंजन सिंह खागा तहसील महामंत्री, शैलेष सिंह सदर तहसील अध्यक्ष, आशीष सिंह सदर तहसील महामंत्री, नरसिंह संयुक्त मंत्री, शैलेन्द्र बिंदकी तहसील अध्यक्ष, राजेन्द्र सोनी महामंत्री बिन्दकी तहसील, ललित मिश्रा संरक्षक बिन्दकी तहसील सहित तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# खुली नीलामी रद्द, अध्यक्ष पर चहेतों को दुकानें देने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। नगर पालिका परिषद में राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर निर्मित नई दुकानों की खुली नीलामी बुधवार को ऑफलाइन बोली के माध्यम से होनी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर फैलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने इसे अचानक रद्द कर दिया। अब दुकानों का आवंटन ऑनलाइन प्रक्रिया से करने की बात कही जा रही है, जिसके खिलाफ सत्ता पक्ष के कई सभासद खुलकर विरोध में उतर आए हैं। नई तहसील, पीरनपुर, चक बिसौली, डाक बंग्ला के सामने और जयपुरिया स्कूल के पास स्थित इन दुकानों की नीलामी की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। बोर्ड द्वारा स्वी.त कमेटी के समक्ष बुधवार नगर पालिका सभागार में खुली बोली प्रस्तावित थी, लेकिन अध्यक्ष ने



बिना किसी लिखित कारण के मौखिक रूप से पूरी प्रक्रिया निरस्त कर दी। सभासद विनय तिवारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा, नगर पालिका की आमदनी बढ़ाने के लिए बनाई गई इन दुकानों की नीलामी की पूरी तैयारी थी। समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित हुई थी और बोर्ड की कमेटी के सामने बोली होनी थी। अध्यक्ष ने बिना किसी वजह के इसे रद्द कर दिया। जानकारी मिली है कि वे अपने कुछ चहेते लोगों को बिना खुली बोली के दुकानें आवंटित कराना चाहते थे। हम सभी सभासद इस अनुचित प्रक्रिया का पुरजोर विरोध करते हैं। सभासदों का आरोप है कि ऑफलाइन नीलामी रद्द करके ऑनलाइन प्रक्रिया की ओर जाने का फैसला पारदर्शिता से दूर है और इससे नगर पालिका की आय पर असर पड़ सकता है। उन्होंने मांग की है कि मूल रूप से निर्धारित खुली बोली प्रक्रिया को बहाल किया जाए ताकि उचित मूल्य पर दुकानों का आवंटन हो सके। इस मामले में फिलहाल अध्यक्ष राजकुमार मौर्य की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इस मौके पर सभासद रितिक पाल, अतीष पासवान, संजय कुमार श्रीवास्तव, सरोज देवी, विद्या देवी, माया देवी आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति अभियान पर छात्राओं ने लिया संकल्प

## -शिविर में विभिन्न प्रतियागिता के माध्यम से किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता और बौद्धिक सत्र के माध्यम से छात्रा–छात्राओं को नशे के घातक दुष्प्रभावों के प्रति सजग किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव के निर्देशन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लक्ष्मीना भारती के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों और महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे कार्यक्रम को यादगार बनाया। दिन के पहले सत्र में नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बेहद आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टर बनाकर नशे की बुराइयों को प्रभावशाली तरीके से उजागर किया। पोस्टरों पर 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र' और 'नशा जीवन का विनाश है' जैसे मजबूत संदेश प्रमुखता से दिखाई दिए। इस प्रतियोगिता ने न सिर्फ विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारा, बल्कि सामाजिक जागरूकता भी बढ़ाई। सायंकालीन बौद्धिक सत्र में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के प्रभारी आनंद नाथ ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने युवाओं पर नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से चर्चा की। आनंद नाथ ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर सभी एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। एनएसएस शिविर का तीसरा दिन नशा मुक्ति की जागरूकता और जनहित के मजबूत संदेश के साथ बेहद सफल रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से जारी रखने का संकल्प जताया है।

# नये पेंशन कानून पर संयुक्तपेंशनर्स कल्याण समिति ने जताया विरोध

## -प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर कानून वापस लेने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये नये पेंशन कानून केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) वैधता अधिनियम, 2025 का विरोध करते हुए संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उप्र ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर नये कानून को पेंशरो का विरोधी बताते हुए वापस लिए जाने की मांग किया। बुधवार को संयुक्त पेंशर्स कल्याण समिति के बैनर तले पेंशरो ने संयोजक कालीशंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुचकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर कानून वापस लिये जाने की मांग किया। डीएम को दिये



ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार ने पेंशन कानून को 25 मार्च 2025 से प्रभावी कर दिया गया है। जिसमे पेंशनर्स की सेवानिवृत्ति की तिथि को पेंशन पात्रता के निर्धारण का आधार बनाया जाएगा। जिसमे किसी केंद्रीय या अन्य वेतन आयोग के कार्यकाल से पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को उस वेतन आयोग की अनुशंसाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। पेंशन वृद्धि के लाभ से वंचित रह जाने के कारण आर्थिक क्षति होगी। बताया कि पूर्व में सर्वोच्च न्यायालय की पाँच सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णय में पेंशन को सामाजिक कल्याणकारी उपाय माना गया है जिसका उद्देश्य रिटायर हुए व्यक्तियों वृद्धावस्था में सामाजिक– आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। अधिनियम के प्रावधानों से एक जनवरी 2026 से पूर्व सेवानिवृत हुए पेंशनर्स को आर्थिक क्षति होने की संभावना है। जबकि पूर्व में लागू हुए सातवें केंद्रीय वेतन आयोग जो एक जनवरी 2016 से पूर्व तथा उसके पश्चात सेवानिवृत्त पेंशनर्स को लाभ में शामिल किया गया था। उन्होंने पीएम से केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) वैधता अधिनियम, 2025 को वापस लिए जाने के लिए आवश्यक एवं त्वरित कदम उठाने की मांग किया। इस मौके पर रशीद अहमद, फूलचन्द्र सैनी, रामराज वर्मा, फहीम अहमद, मातादीन गुप्ता, गंगा सागर, देवेंद्र दीक्षित, सदाशिव पांडेय, देव नारायण, विशाल गुप्ता, रामविशाल, रमेश चन्द्र, रामधनी, कामता प्रसाद, सुरेश चंद्र अवस्थी, जागेष्वर लोधी, लालता प्रसाद गुप्ता, रतन लाल, कामता प्रसाद, श्रीपाल, गंगा राम, कृष्ण पाल सिंह आदि रहे।

# अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग

## -एक वर्षीय प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से शुरू, 30 मार्च तक आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीनस्थ शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को तृतीय श्रेणी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। नए सत्र का प्रशिक्षण एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण आयु सीमा एक अप्रैल को 18 वर्ष से कम नहीं तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए इच्छुक पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति, आय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र एवं सेवायोजन पंजीयन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति सहित जिला सेवायोजन कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर 31 मार्च तक जमा कर सकते हैं। अथवा कार्यालय की ईमेल आईडी पर फार्म भरकर भेज सकते हैं।

# वाहन की टक्कर से घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के समीप पैदल जा रहे 60 वर्षीय वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के सेलावन पूर्वी मोहल्ला निवासी स्व0 रामप्रकाश का 60 वर्षीय पुत्र रामबिहारी विश्वकर्मा शहर रिश्तेदारी में आया था। बताते है कि ज्वालागंज के समीप पैदल जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )